वर्ष 22 अंक 341
पृष्ठ 8 मूल्य-2.00
प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी
देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित
दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
दैनिक समय जगत
बुधवार 28 जनवरी 2026
माघ शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत्-2082
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com
दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित
एक संदेश-पूरा देश
ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

# एनर्जी सेक्टर के लिए मौकों की जमीन है भारत: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इंडिया एनर्जी वीक 2026 के चौथे एडीशन का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि एनर्जी सेक्टर के लिए भारत मौकों की जमीन है, क्योंकि इसमें मांग तेजी से बढ़ रही है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। इसका मतलब है कि यहां एनर्जी प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा भारत दुनिया की मांग को पूरा करने के लिए बेहतरीन मौके देता है। इस मौके पर पीएम मोदी ने इंडिया-ईयू फ्री ट्रेड डील की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते का पूरक है। यह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देगा, सेवाओं को सपोर्ट करेगा। इसे मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। यह समझौता ग्लोबल जीडीपी का करीब 25फीसदी और ग्लोबल ट्रेड का करीब एक-तिहाई हिस्सा है। यह समझौता (भारत के 140 करोड़ लोगों और यूरोपीय देशों के करोड़ों लोगों के लिए जबरदस्त मौके लाता है। इंडिया एनर्जी वीक 2026 ग्लोबल एनर्जी एग्जीबिशन कॉन्फ्रेंस है। यह 30 जनवरी तक चलेगा। इसमें 75 हजार से ज्यादा एनर्जी प्रोफेशनल, 700 से ज्यादा एग्जीबिटर, 550 से ज्यादा एक्सपर्ट स्पीकर शामिल होंगे। 3 दिन में 120 से ज्यादा सेशन, 12 से ज्यादा इंटरनेशनल कंट्री पवेलियन और 11 थीमेटिक जोन होंगे, जिनमें तेल और गैस, रिन्यूएबल एनर्जी, हाइड्रोजन, बायोफ्यूल, इलेक्ट्रिफिकेशन, डिजिटलाइजेशन, एआई और नेट-जीरो पाथवे शामिल हैं।

# पंचमढ़ी नगर के नजूल क्षेत्र को पंचमढ़ी अभयारण्य क्षेत्र से बाहर कर राजस्व नजूल घोषित करने की स्वीकृति

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा पंचमढ़ी नगर के साडा के नियंत्रण वाली नजूल क्षेत्र रकबा 395.931 हैक्टेयर भूमि को संशोधित कर रकबा 395.939 हैक्टेयर भूमि को पचमढ़ी अभयारण्य क्षेत्र से बाहर कर राजस्व नजूल घोषित करने की स्वीकृति दी गयी है। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के 9 टाइगर रिज़र्व के अंतर्गत बफर क्षेत्रों का विकास करने के लिए आगामी 5 वर्षों, वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए कुल 390 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इस नवीन योजना अंतर्गत बफर क्षेत्रों के विकास के तहत संवेदनशील क्षेत्रों में चेनलिंक फेसिंग, वन्यप्राणी सुरक्षा, चारागाह विकास, जल स्त्रोतों का विकास, अग्नि सुरक्षा, वन्य प्राणी उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण और कौशल उन्नयन जैसे कार्य किये जायेंगे। मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदापुरम में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृति अनुसार तवा परियोजना (दायीं तट नहर) की बागरा शाखा नहर होज सिंचाई परियोजना की लागत 86 करोड़ 76 लाख रूपये, प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 4200 हैक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी। परियोजना से नर्मदापुरम जिले की बाबई एवं सोहागपुर तहसील के 33 ग्रामों को सिंचाई सुविधा का लाभ होगा।

### नर्मदापुरम जिले की 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रूपये की स्वीकृति

नर्मदापुरम जिले की तवा परियोजना की दांयी तट नहर से पिपरिया ब्रांच केनाल होज सिंचाई परियोजना की लागत 128 करोड़ 71 लाख रूपये, प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 6000 हैक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। परियोजना से नर्मदापुरम जिले की सोहागपुर तहसील के 30 ग्राम लाभान्वित होंगे। मंत्रि-परिषद द्वारा जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और राजस्व विभाग की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए 17 योजनाओं की निरंतरता के लिए 17,864 करोड़ 26 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति अुनसार जनजातीय कार्य विभाग की शुल्क की प्रतिपूर्ति, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण, स्काउट गाइड, परिवहन, स्वास्थ्य, विभिन्न पुरस्कार आदि 15 योजनाओं के लिए 377 करोड़ 26 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई। इसी तरह खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता के लिए 15 हजार करोड़ रूपये और राजस्व विभाग की तहसील, जिला संभाग के कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण योजनाओं के लिए 2,487 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है। मंत्रि-परिषद द्वारा पिछड़े वर्ग के ÷बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना 2022÷ के स्थान पर संशोधित योजना ÷अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार नियोजन योजना 2025÷ की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार आगामी 3 वर्ष में 45 करोड़ रुपये व्यय किया जाकर प्रतिवर्ष पिछड़े वर्ग के 600 युवाओं को रोजगार के लिए विदेश भेजा जाएगा।




# बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में बरपा हंगामा



**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 2026 बुधवार से शुरु होने जा रहा है, उससे पहले मंगलवार को हुई सर्वदलीय बैठक में जबरदस्त हंगामा हुआ। बैठक के दौरान विपक्ष ने सरकार पर तीखा हमला बोला। बैठक के दौरान सीपीआई-एम के राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिट्टास ने कहा, कि बजट सत्र का एजेंडा स्पष्ट नहीं है और मुख्य संसदीय कार्यवाही अस्पष्ट बनी हुई है। बार-बार ट्रंप द्वारा किए जा रहे अपमान का मामला भी विपक्ष ने उठाया और सदन में चर्चा की मांग रखी। सांसद जॉन ब्रिट्टास ने आरोप लगाते हुए कहा, सरकार सस्पेंस और स्टंट वाली राजनीति बंद करे और वादे के मुताबिक पहले एजेंडा सर्कुलेट करे। जानकारी अनुसार सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बारंबार भारत की विदेश नीति का बार-बार किया जा रहा अपमान और वेनेजुएला, फिलिस्तीन एवं ग्रीनलैंड के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की मांग रखी। इस पर सरकार ने केवल राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान चर्चा का विकल्प सुझाया, जिसे विपक्ष द्वारा खारिज कर दिया गया। सर्वदलीय बैठक खत्म होने के बाद सांसद जॉन ब्रिटास ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, कि विदेश नीति के मामले में भारत को जिस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, उस पर संसद में बात होनी चाहिए। यहां उन्होंने वेनेजुएला, फिलिस्तीन और ग्रीनलैंड की वर्तमान परिस्थितियों व स्थिति का भी जिक्र किया और सरकार से स्पष्ट रुख अपनाने को कहा। विपक्ष ने सरकार से सस्पेंस वाली राजनीति और महत्वपूर्ण कार्यों को अंतिम समय तक गुप्त रखने की आदत अब बंद करने की भी बात कही। मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की मांग भी विपक्ष द्वारा की गई है। सांसद ब्रिटास ने कहा, इस बार संसद में मनरेगा के लिए राज्य सरकारों पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के केंद्र के फैसले से उत्पन्न मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। विपक्ष ने स्पष्ट कर दिया है कि बजट सत्र के दौरान इन तमाम गंभीर विषयों पर सरकार की जवाबदेही तय करने के प्रयास किए जाएंगे। सर्वदलीय बैठक में विपक्ष द्वारा जिस तरह से विरोध दर्ज कराया या है उससे बजट सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं।

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक चौरसिया
पूरव संघ अध्यक्ष
ग्राम विकास अधिकारी
विकासखंड पनवाड़ी
जनपद महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
निर्देश कुमार पटेल
ग्राम विकास अधिकारी
विकासखंड पनवाड़ी
जनपद महोबा

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामआसरे यादव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रूरीकलां
ग्राम पंचायत तेलीपहाड़ी
ग्राम पंचायत घुटई
विकास खण्ड पनवाड़ी जनपद महोबा

गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व
पर नगर पंचायत कुलपहाड़ अपने नागरिकों को शुभकामनाओं
के साथ हार्दिक अभिनन्दन करती है
कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद महोबा
अपील : स्वच्छता ही जीवन है, नगर को स्वच्छ रखें
गीला सूखा कचरा अलग अलग डाले
नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रथम स्थान पर लाना है
प्रवेन्द्र कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़

वैभव अरजारिया
अध्यक्ष, नगर पंचायत
कुलपहाड़

गजल भारद्वाज
जिलाधिकारी
महोबा
समस्त सम्मानित सदस्यगण
नगर पंचायत कुलपहाड़ (महोबा)

गणतंत्र दिवस की समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुभाष यादव
ग्राम पंचायत सचिव
रामदेवी
ग्राम प्रधान बीजानगर
श्रीमती ममता
ग्राम प्रधान बिलबई
अंजू सुल्लेरे
ग्राम प्रधान पसवारा
सुरेंद्र
ग्राम प्रधान किडारी
जगदीश
ग्राम प्रधान रतौली
विकासखंड कबरई, जनपद महोबा

# केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय परिसर में चतुर्थ भारतीय बागवानी शिखर सम्मेलन-सह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 28 से 30 तक : कुलपति डॉ. एके सिंह



**समय जगत, झांसी।** रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा 28 से 30 जनवरी 2026 तक विश्वविद्यालय परिसर में चतुर्थ भारतीय बागवानी शिखर सम्मेलन-सह-अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ÷सतत विकास, स्वास्थ्य एवं आर्थिक सुदृढ़ता हेतु स्वदेशी एवं अल्प-उपयोगिता बागवानी फसलों का उपयोग÷ विषय पर केंद्रित होगा।

सम्मेलन की जानकारी देते हुए 'कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने' कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, कुपोषण, घटती कृषि लाभप्रदता और किसानों की आय में अस्थिरता जैसी चुनौतियाँ वैश्विक स्तर पर गंभीर होती जा रही हैं। ऐसे में स्वदेशी एवं अल्प-उपयोगिता बागवानी फसलें इन समस्याओं का व्यावहारिक और टिकाऊ समाधान प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं, उद्यमियों और किसानों के बीच सार्थक संवाद स्थापित कर ÷विकसित कृषिदूविकसित भारत/2047÷ के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

'सोसाइटी फॉर हॉर्टिकल्चर रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट (एसएचआरडी) के अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के डॉ. बलराज सिंह ने' कहा कि स्वदेशी एवं कम उपयोग में लाई जाने वाली बागवानी फसलें पोषण सुरक्षा, जलवायु-सहिष्णु कृषि और किसानों की आय विविधीकरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन अनुसंधान, नवाचार, नीति निर्माण और उद्यमिता को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जिससे बागवानी क्षेत्र को नई दिशा और गति मिलेगी।

इस अवसर पर 'अधिष्ठाता, उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने' बताया कि सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मुख्य व्याख्यान, विषय-विशेष तकनीकी सत्र, नीति एवं उद्योग आधारित पैनल चर्चाएँ, पोस्टर एवं मौखिक शोध प्रस्तुतियाँ, किसान-वैज्ञानिक संवाद तथा स्टार्टअप एवं उद्यमिता पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी फसलों के फसल सुधार, जैव विविधता संरक्षण, जीनोमिक्स, जलवायु-सहिष्णु बागवानी, सटीक कृषि, फसलोत्तर प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर गहन मंथन किया जाएगा। सम्मेलन में डॉ. पंजाब सिंह (माननीय कुलाधिपति), डॉ. एस. के. सिंह (उप महानिदेशक, बागवानी, आईसीएआर), डॉ. टी. जानकी राम, डॉ. रोजेश कुमार, डॉ. शैलेन्द्र राजन, डॉ. पी. एल. सरोज, डॉ. पी. के. गुप्ता, डॉ. जगदीश राणे सहित देश-विदेश के प्रतिष्ठित कृषि एवं बागवानी वैज्ञानिक, निदेशक, नीति-निर्माता, प्रशासक, शोधार्थी, प्रगतिशील किसान, एफ़पीओ प्रतिनिधि, उद्यमी एवं छात्र बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे। सम्मेलन के दौरान एसएचआरडी द्वारा बागवानी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों, शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, उत्कृष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार, युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, महिला वैज्ञानिक पुरस्कार, श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार एवं नेतृत्व उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. सुशील कुमार सिंह, निदेशक शोध डॉ. एस. के. चतुर्वेदी, निदेशक शिक्षा डॉ. अनिल कुमार, अधिष्ठाता डॉ. आर. के. सिंह, डॉ. एम. जे. डोबरियाल, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. बृज बिहारी शर्मा, डॉ. शैलेन्द्र कुमार, डॉ. प्रभात तिवारी, सुजीत चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## बीकेडी में तीन दिवसीय प्रो. शेर सिंह कोठारी स्मृति वार्षिक खेल-समारोह का शुभारंभ



**समय जगत, झांसी।** बुन्देलखण्ड कॉलेज, झाँसी में आज दिनांक 27 जनवरी 2026 को प्रो. शेर सिंह कोठारी की पुण्य तिथि के अवसर पर तीन दिवसीय प्रो. शेर सिंह कोठारी स्मृति वार्षिक खेल-समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. शेर सिंह कोठारी के पुत्र श्री वीरेन्द्र सिंह कोठारी, पुत्री मधुलिका सिंह कोठारी, पुत्रवधु श्रीमती रेखा कोठारी एवं प्राचार्य प्रो. एस.के.राय, पुरातन छात्र समिति के सचिव एड. विवेक कुमार वाजपेयी एवं सदस्य अनुराधा सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में प्रो. शेर सिंह कोठारी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके कार्य एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर स्थित क्रिकेट मैदान पर बुन्देलखण्ड कॉलेज शिक्षक वर्ग एवं गौरी फाउंडेशन के बीच 15-15 ओवर का मैत्री मैच हुआ, जिसमें टॉस जीतकर बुन्देलखण्ड कॉलेज की टीम ने पहले गेंदवाजी करते गौरी फाउंडेशन की टीम को 102 रन पर ऑलआउट कर दिया। जिसमें अभिषेक तिवारी 23 रन, डॉ. चारू श्रीवास्तव 29 रन बनाये। गेंदवाजी करते डॉ. रहीस अली ने 4 विकेट तथा डॉ. ए.पी.एस. गौतम ने 3 विकेट लिए। बी.के.डी. की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 07 विकेट से विजयी रही। जिसमें रहीस अली 48 रन, अंकित नायक ने 29 रन बनाये। मैन ऑफ द मैच डॉ. रहीस अली रहे। चौस प्रतियोगिता में आयुष केशरी प्रथम, ऋषी आनन्द द्वितीय, एवं एकता यादव तृतीय स्थान पर रही। शिक्षकों के मध्य डॉ. आदित्य सिंह प्रथम एवं डॉ. अरूण कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। क्रिकेट का द्वितीय मैच यू.जी. बनाम पी.जी. के मध्य खेला गया। जिसमें पी0जी0 की टीम ने पहले बल्लेवाजी करते हुए 86 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए यू.जी. की टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। इस अवसर पर प्रो. जितेन्द्र कुमार तिवारी, प्रो. नूतन अग्रवाल, प्रो. ज्योति वर्मा, प्रो. उमारतन यादव, प्रो. नवेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. डी.पी. गुप्ता, डॉ. ब्रजेश मिश्रा, डॉ. आर.बी. मौर्य, डॉ. संतोष रानी, डॉ. शिल्पी शर्मा, डॉ. हिमानी, डॉ. दीपा सिंह, डॉ. पारूल सिंह, डॉ. शिव प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. रामानन्द जायसवाल आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. एल.सी. साहू एवं आकाश दुबे ने किया। खेल सचिव डॉ. ए.पी.एस. गौतम एवं खेल प्रशिक्षक राहुल कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गौर इंटीरियर शो रूम का भव्य शुभारम्भ





**समय जगत, झांसी।** सिविल लाइन 48 चौन्बर के समीप गौर इन्टीरियर शो रूम का भव्य शुभारम्भ सदर विधायक रवि शर्मा, एम एल सी श्रीमती रमा निरंजन व भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व वेद मंत्रोच्चार के बीच राज्य मंत्री हरगोविन्द कुशवाहा एवं प्रसिद्ध समाज सेवी एवं राजनेता उमेश यादव दीप प्रज्ज्वलित कर किया।गौर इन्टीरियर के संचालक संजय सिंह गौर एवं अखिल सिंह गौर ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे द्वारा -लकड़ी एवं स्टील मॉड्यूलर किचन डिजाइन के अनुसार बनाकर ही जाती है एवं यू पीवीसी (नच्टब) बिण्डो और सिस्टम एल्युमोनियम, वार्ड रोब, बेनिटी बनाकर दी जाती है.।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य,बरिष्ठ राजनेता एवं समाज सेवी अरविन्द वशिष्ठ , मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर एन एस सेंगर,उत्तमसिंह यादव, पवन अग्रवाल (बुन्देलखण्ड ट्रान्सपोर्ट) संत सिंह सेरसा, रुद्र प्रताप सिंह गौर, अनूप सिंह चौहान, बी एस बुंदेला, दिलीप सिंह भदोरिया प्रकाश सिंह राजावत सहित बरिष्ठ जनों ने शुभाश्रीष एवं शुभकामनाये दी।अंत में वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र सिंह गौर राजा साहब ने सभी आगंतुकों कास्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# देश के उत्थान में हम सभी का है अमूल्य योगदान : सर्वेश सिंह




**समय जगत, गुरसराय।** सकल हिन्दू समाज के नेतृत्व में विराट हिन्दू सम्मेलन का प्रोग्राम बिनीत गार्डन में गुरसराय क्षेत्र के समस्त हिंदुओं ने मिलकर इस प्रोग्राम का आवाहन किया व समस्त हिन्दुओं को एक नई दिशा दिखाने का कार्य किया।

विराट हिन्दू सम्मेलन का प्रोग्राम दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें नगर क्षेत्रवासियों को बताया गया कि यदि हम सब हिंदू साथ मिलकर एक रहेंगे तभी सनातन जीवित रहेगा। हम सब अखंड भारत सनातनियो को इकट्ठे होकर भारत को आगे बढ़ाना है और नई ऊंचाईयों के शिखर पर ले जाना है। इसके साथ बड्स एंड ब्लूम स्कूल ने कई सांस्कृतिक कार्यकमों कराएं। जिसमे बच्चों ने स्पीच, रानी लक्ष्मी बाई व सांस्कृतिक प्रोग्राम दिखाकर प्रोग्राम को आगे बढ़ाया। व देश, राष्ट्र और अखंड भारत को याद करते हुए भारत के वीरो को याद किया।

इसके साथ कानपुर प्रांत शारीरिक प्रमुख सर्वेश सिंह ने कहा कि संघ हमें सिखाता है कि हमें कैसे एक साथ मिलकर आगे बढ़ना होगा। देश के उत्थान में हम सभी का एक अमूल्य योगदान है जिसकी गरिमा को हम सभी को सदैव याद रखकर आगे बढ़ना है व देश को एक नए शिखर पर पहुँचाना है।

इसके साथ दीपेंद्र अरजरिया ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की ऐसे प्रोग्राम होते रहना चाहिए और कहा की संघ हमे सिखाता है कि संगठन में ही सकती है।संघ हमे सिखाता है की सदैव हम सभी को एक साथ मिलकर रहना चाहिए तभी जाकर हम सभी सनातनियो का परचमभ लहरायगा।

सुखदेव व्यास ने श्री राम जी को स्मरण करते करते हुए। योगी और मोदी की प्रशंसा की और भगवान राम पर कुछ पंक्ति सुनाई।

कवि विवेक बरसैया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवान राम पर अपनी ग़ज़ल पेस की। कार्यक्रम में सत्य नाथ जी , अनुराग, अन्नद, प्रसिद्ध नारायण, रामनारायण पस्तोर, सतीश चौरसिया, नित्य सोनी, भुबनेन्द्र सिंह, संजीत, घनश्याम, प्रतिपाल, विजय सोनी, देवेंद्र, नेहा यादव, रिंकिल, छोटू आस्ता, पंकज स्वामी, प्रशांत सोनी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# श्री रामराजा ज्योतिष केंद्र का हुआ संगीतमय सुंदरकांड के साथ शुभारंभ



**समय जगत, गुरसरांय।** श्री राम राजा सरकार सुंदरकांड समिति के बीस वर्ष पूर्ण होने पर श्री राम राजा सरकार ज्योतिष केंद्र का उदघाटन मैहर घराने के प्रख्यात संगीतगुरु पं परशुराम पाठक ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत, जिला पंचायत सदस्य शत्रुघन सिंह परिहार,महावीर शरण गुड्डन महाराज मल्लरनाथ रामगढ़,पं आलोक कृष्ण शास्त्री, पं कैलाश शंकर राजौरिया उपस्थित रहे।

अध्यक्षता संगीतगुरु पं परशुराम पाठक ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत मय सुंदरकांड से हुआ,जिसमें सीताराम,भानुप्रताप सिंह परिहार,दीवान सिंह,देवेंद्र घोष रानू तिवारी ,दिनेश अलबेला ने भाग लिया।।पूजन नारायणदास कुचवार ने कराया।

इसके बाद अतिथि मेजर अखिलेश पिपरैया ने संबोधित करते हुए कहा कि राम राज्य की स्थापना रामराज्य की आराधना से शुरू होती है।रामराजा सरकार ज्योतिष केंद्र से लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान की दिशा प्रशस्त होगी।इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव ने भी संबिधित किया। इसके बाद नगर के वरिष्ठ शिक्षाविद, संगीतकार, साहित्यकार,गरौठा, गुरसरांय ,टहरौली,ककरबई सहित क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान भानुप्रताप परिहार एवं सीताराम सर द्वारा किया गया।

संचालन घनेन्द्र परिहार ने किया।अंत मे आभार व्यक्त भानुप्रताप सिंह परिहार ने किया।

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन पं देवेश पालीवाल,के के तिवारी,कैलाश प्रकाश गुप्ता,चंद्रप्रकाश चौरसिया,ओ पी शर्मा,शिवकुमार तिवारी,रामबाबू शर्मा,ठाकुरदास तिवारी,गुढ़ा प्रधान चंद्रभान सिंह परमार,खड़ौरा प्रधान मनोज यादव,चंद्रशेखर व्यास,भारतेंदु बुंदेला,विनय दुवे,रामकुमार सिंह परिहार,सत्यप्रकाश द्विवेदी, डॉ सुकदेव व्यास,सरजू शरण पाठक, विवेक बरसै या,शिशुपाल सिंह सरस,सोम मिश्रा,,जयप्रकाश बरसै या,अरुण चतुर्वेदी, सार्थक नायक,राजेश अग्रवाल,अनिल तिवारी,पुरुषोत्तम पटेल,सुनील कुमार व्यास,विनय पटेल,पंकज कुशवाहा,विनय पस्तोर, अरविंद वर्मा आदि का सम्मान किया गया।

## श्री रघुराज सिंह इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**समय जगत, झांसी।** 26 जनवरी 2026 को श्री रघुराज सिंह इंटर कॉलेज, (बाहर दतिया गेट), झांसी में 77वाँ गणतंत्र दिवस देशभक्ति, उत्साह और गरिमामय वातावरण के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर तिरंगे, देशभक्ति गीतों और उत्साह से गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविताएँ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा का महत्व, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। अध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी ने कहा कि देश अमर शहीदों के बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और देशभक्ति को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।प्रबंधक कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने गणतंत्र दिवस को संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिक बनने पर जोर दिया।उप प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग, अनुशासन और ईमानदारी अपनाकर जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी। मुख्य अतिथि पूर्व डीजीसी राम कुमार पांडे ने कहा कि 26 जनवरी संविधान की सर्वोच्चता का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर मेहनत करने तथा समय की बर्बादी से बचने की सलाह दी।प्रधानाचार्य शैलजा सिंह ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय समिति द्वारा लगभग 3,50,000 की छात्रवृत्ति निर्धन छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई।कार्यक्रम में भारतीय प्रजा शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज रावत, एड. शरद प्रताप सिंह, ज्ञानप्रकाश दुबे, मो. नईम, आनंद अवस्थी, राजकुमार, करुणा यादव, शाहरुख खान, वंदना कुशवाहा, छाया शुक्ला, अंकुर मिश्रा, जितेन्द्र यादव, अशोक कुमार, आकाश तिवारी, सुलभ अग्रवाल, जिज्ञासा पटेल, तनु जाटव, दीप्ति रजक, निशा रावत, कल्पना पटेरिया, दिव्या रायकवार, शिवानी साहू, तुवा खानम, अनु मौर्य, महक सोनी, सौम्या श्रीवास, आयुष तिवारी, आरती सविता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कीर्ति पटेरिया द्वारा किया गया तथा अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर नगर पालिका परिषद गुरसराय में हुआ रामकथा प्रवक्ता शान्तनु महाराज का स्वागत



**समय जगत, गुरसरांय।** गणतंत्र दिवस पर नगर पालिका परिषद गुरसराय में हुआ रामकथा प्रवक्ता शान्तनु महाराज स्वागत किया गया। ध्वजारोहण जयपाल सिंह उर्फ़राजू चौहान ने किया ।अपर नगर मजिस्ट्रेट झांसी/अधिशासी अधिकारी अजय कुमार यादव के आदेश के क्रम में इस अवसर पर नगर पालिका समस्त कर्मचारी एवं समस्त वार्डपार्षद एवं गणमान्य नगरिक नगर पालिका कार्यालय में मौजूद रहे ।नगर पालिका कर्मचारी श्री सोनू यादव वरिष्ठ लिपिक ,माहेश्वरी शरण बुधौलिया निर्माण लिपिक, योगेंद्र मिश्रा मोहनलाल,उमेश कुमार, श्रीमती रामदेवी, दीपक कुमार, प्रकाश नारायण दीक्षित, एवं राकेश सोनी, सर्वेश कुमार खरे, जयनारायण कुशवाहा, प्रमोद राजेश जय बर्धन मौर्य,समस्त पालिका कर्मचारी मौजूद रहे, इस अवसर पर पूर्व पार्षद राकेश त्रिपाठी, गोविंद प्रताप सिंह सिसोदिया, पार्षद अजय मौर्या पार्षद, नीरज घोष पार्षद गजेंद्र प्रताप बरोनिया, सुनील कुमार पार्षद, राकेश , अखिलेश , कैलाश कुशवाहा, सुमंत सोनी एवं दशरथ कुशवाहा, विनोद यादव पार्षद , आशिक खान, सलमान खान देवी सिंह ,श्री नितेश मोदी रमेश ,राजीव कुमार ,अतुल कुमार ,कन्हैयालाल ,आदि उपस्थित रहे। पी, एम, श्री कम्पोजिट विद्यालय बंकापहाड़ी ब्लॉक-गुरसरांय में, धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया।। जिसका ध्वजारोहण ग्राम प्रधान रामस्वरूप घोष, व बड़े दाऊ, प्र, अ, विजय त्रिपाठी मण्डल प्रभारी ने किया,, बच्चों के बहुत ही मन मोहक कार्यक्रम राष्ट्रीय पर्व पर किए गये। कार्यक्रम का संचालन सूरत सिंह ने किया।

जिसमें, साजेन्द्र त्रिपाठी प्र, अ, यशपाल सिंह,अशोक राजपूत, जयवीर सिंह, मानवेन्द्र सिंह, कामनी खरे, किरन खरे, सन्ध्या त्रिपाठी, लखन लाल, सुरेन्द्र कुमार, ब्रजेश कुमार,धीरज शिवहरे,, अनिल झा,कन्हैया महाराज, धर्मेन्द्र कुमार, राहुल पाल, सुल्तान घोष, ग्यासी माते,, आदि गणमान्य लोग, उपस्थित रहे।। डॉ राम मनोहर लोहिया पीजी महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक यादव ने ध्वजारोहण किया ।आभार व्यक्त प्राचार्या डॉ पिंकी सिंह ने किया। श्री महाबीर बाल संस्कार इंटर कॉलेज में प्रबंधक ने ध्वजारोहण किया।आभार प्रधानाचार्य राम कुमार सिंह परिहार ने किया।श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में अध्यक्ष मुकुंद पालीवाल ने ध्वजारोहण किया।आभार प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश द्विवेदी ने किया। इसके अलावा थाना परिसर मे थानाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह,स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधिकारी डॉ ओ पी राठौर,खंड विकास में ब्लॉक प्रमुख टीकाराम पटेल, बी आर सी पर मनोज लाक्षाकार,राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में मंजू लता स्वर्णकार, एम जे मॉडर्न में सुरेश मिश्रा,सोनम मिश्रा आदि ने ध्वजारोहण किया।

## डॉ चंद्रपाल सिंह यादव ने आर्य कन्या महाविद्यालय में किया ध्वजारोहण



**समय जगत, झांसी।** आज दिनांक 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के पावन पुनीत अवसर परआर्य कन्या महाविद्यालय, झांसी में प्राचार्या प्रो0डॉअलका नायक जी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ0 चंद्रपाल सिंह यादव एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ के जी द्विवेदी के द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय सदस्य उपाध्यक्ष डॉ0 राजेंद्र सिंह, उपप्रबंधक डॉ0 केशभान सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष डॉ0 लखन लाल श्रीवास्तव जी, डॉ0 मनोहर लाल चतुर्वेदी जी तिवारी जी तथा श्रीमती रत्ना चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्या जी द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा प्रेषित संदेश को पढ़ा गया तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसी क्रम में प्रबंधक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए आशीर्वचन के रूप में गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी । गणतंत्र दिवस समारोह के उपरांत डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव जी के पुनः अंतर्राष्ट्रीय सहकारी संघ एशिया-प्रशांत के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समस्त प्रबंध समिति के सम्माननीय सदस्यों एवं महाविद्यालय सदस्यों द्वारा प्रबन्धक महोदय को इस बड़ी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अलका नायक ,डॉ0 कल्पना निरंजन, डॉ0 सौम्या, डॉ0 किरण, डॉ0 सपना, डॉ0 निधि, श्रीमती रागिनी , डॉ0 रेनू , डॉ0 अपूर्वा, डॉ0 ओशीन, डॉ0 दीपमाला, डॉ0 कंचन, डॉ0 अपर्णा, डॉ0 सोनू जैन, डॉ0 नरेंद्र साहू डॉक्टर आभा राज अंजली राय आदि प्रवक्ताएं तथा श्री दिवाकर तिवारी, अजय यादव, प्रशान्त दीप खरे, दिनेश पटेल, राकेश कुमार, अभिषेक चन्द्र शर्मा श्रीमती पुष्पा, बृजलाल पाल, कौशल एवं श्रीमती देवकली उपस्थित रहे। संचालन डॉ0 सौम्या वर्मा तथा महाविद्यालय छात्राओं मुस्कान और कंचन द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर अलका नायक ने आभार व्यक्त किया।

# नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार ने किया ध्वजारोहण









**समयजगत,शुजालपुर /भोपाल।** नगर पालिका परिषद शुजालपुर में नगर पालिका अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश की प्रदेश मंत्री श्रीमती बबीता परमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष बबीता परमार ने सभी प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा सीएम राइज स्कूल में मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया।

**आम सूचना**

मैं होशियार सिंह मातवा पिता योगेश कुमार मातवा निवासी- ग्राम - कैमरी की ढ़ाणी , पोस्ट- खिरोड़ , तहसील - नवलगढ़, जिला- झुन्झुनू , पिन- 333042 , राज्य- राजस्थान । मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम होशियार सिंह मातवा दर्ज है। सही नाम होशियार सिंह है। समान दर्ज हो।

**आम सूचना**

मैं ललिता पत्नी मुकेश कुमार निवासी- ग्राम पूरे खोथई , पोस्ट - मलावां छजई पुर ,तहसील- कुण्डा , जिला- प्रताप गढ़, पिन- 230129 , राज्य- उत्तर प्रदेश। मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम ललिता दर्ज है। सही नाम ललिता देवी है। समान दर्ज हो।

## आधुनिक तकनीक से होगा कचरे का उपयोग

# 41 एकड़ में बनेगा वेस्ट-टू-चारकोल प्लांट

**फरीदाबाद।** शहर में वर्षों से चली आ रही कूड़े की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाया गया है। जिले के मोटूका गांव में नगर निगम फरीदाबाद और एनटीपीसी की सहयोगी इकाई एनवीवीएन के संयुक्त प्रयास से वेस्ट-टू-चारकोल प्लांट स्थापित किया जाएगा। यह प्लांट शहर के म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट को आधुनिक तकनीक से प्रोसेस कर चारकोल में बदलेगा जिसका उपयोग ऊर्जा उत्पादन में किया जा सकेगा। परियोजना के लिए 41.17 एकड़ भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया तेज हो चुकी है और प्रशासनिक स्तर पर जरूरी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं। फरीदाबाद तेजी से बढ़ता औद्योगिक और आवासीय शहर है। आबादी बढ़ने के साथ-साथ कचरे की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है। यहां रोजाना करीब 900 टन कचरा निकलता है, अब तक नगर निगम को कचरे के निस्तारण के लिए बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर निर्भर रहना पड़ता है जिससे पर्यावरण और आसपास के इलाकों पर नकारात्मक असर पड़ता रहा है। मोटूका गांव में




प्रस्तावित वेस्ट-टू-चारकोल प्लांट इस पूरी व्यवस्था को बदलने की क्षमता रखता है। यह परियोजना कचरा निस्तारण के साथ कचरे को उपयोगी संसाधन में बदलने की सोच पर आधारित है। विशेषज्ञों के अनुसार इस तकनीक से प्रोसेस किया गया चारकोल पारंपरिक कोयले का विकल्प बन सकता है और बिजली संयंत्रों में इस्तेमाल किया जा सकता है। मोटूका में लगने वाला यह प्लांट एमएसडब्ल्यू टू टॉरिफाइड तकनीक पर आधारित होगा। इसमें घरेलू और व्यावसायिक कचरे को वैज्ञानिक तरीके से सुखाकर और प्रोसेस कर उच्च गुणवत्ता का चारकोल तैयार किया जाएगा। इस प्रक्रिया में कचरे की मात्रा काफी हद तक कम हो जाती है और उससे निकलने वाला उत्पाद पर्यावरण के लिए अपेक्षाकृत सुरक्षित माना जाता है। नगर निगम अधिकारियों का मानना है कि इस तकनीक के जरिए कचरे का शत-प्रतिशत उपयोग संभव होगा। इससे न केवल लैंडफिल पर दबाव कम होगा बल्कि कचरे से होने वाला प्रदूषण भी नियंत्रित किया जा सकेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए मोटूका गांव की 41.17 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। यह जमीन फिलहाल हरियाणा पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन के स्वामित्व में है। जिला प्रशासन, नगर निगम और एचपीजीसीएल के बीच समन्वय से भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को तेज किया गया है। अधिकारियों के अनुसार जमीन का अस्थायी कब्जा नगर निगम को सौंपा जा चुका है। अब स्वामित्व और मूल्य निर्धारण से जुड़ी अंतिम औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है ताकि निर्माण कार्य में देरी न हो। प्रोजेक्ट की लागत को नियंत्रित रखने के लिए नगर निगम की ओर से यह अनुरोध किया गया है कि जमीन कलेक्टर रेट पर या जनहित को देखते हुए निशुल्क उपलब्ध कराई जाए। चूंकि यह परियोजना सीधे तौर पर सार्वजनिक हित स्वच्छता और पर्यावरण सुधार से जुड़ी है इसलिए प्रशासन को उम्मीद है कि इस मांग पर सकारात्मक फैसला लिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यदि जमीन कम दर पर या बिना मूल्य के मिलती है तो परियोजना पर आने वाला वित्तीय बोझ कम होगा और काम तेजी से आगे बढ़ सकेगा।

# सांसद दर्शन सिंह चौधरी की उपस्थिति में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**समय जगत, भोपाल।** नर्मदापुरम (बानापुरा) पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद, भारतीय मजदूर संघ के साथ नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी का आगमन बानापुरा डिपो में गणतंत्र दिवस, पूजन एवं भंडारे के अवसर पर हुआ। इस अवसर पर डिपो प्रभारी अमित सिंह एवं पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के महामंत्री शिशिर रिछारिया द्वारा सांसद का स्वागत किया।




कार्यक्रम के दौरान मंडल सचिव भरत पटेल ने रेल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें रेल मंत्री जी तक पहुचाने तथा स्थानीय रेल संबंधी मुद्दों पर स्थानीय अधिकारियों से चर्चा कर समाधान हेतु पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र में लंबी रेल लाइनों की संख्या सर्वाधिक है तथा रेल आवासों की स्थिति में सुधार के लिए भी वे उचित स्तर पर विषय उठाएंगे। इस अवसर पर मंडल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य , पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के जोनल उपाध्यक्ष, भारतीय रेलवे माल गोदाम के महामंत्री व कोटा मंडल के प्रभारी दिनेश पुरोहित जी द्वारा विभिन्न गाड़ियों के नए ठहराव (स्टॉपेज) की मांग रखी गई व उनके द्वारा स्टेशन का निरीक्षण भी किया गया ताकि यात्रियों को समान उचित गुणवत्ता के साथ व तय मानक रेट पर मिले। सांसद ने सकारात्मक रुख व्यक्त किया। सांसद ने पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारियों एवं भारतीय मजदूर संघ द्वारा किए जा रहे संगठनात्मक और रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए भारतीय मजदूर संघ के नारों को दोहराया और आशा व्यक्त की कि सभी रेल कर्मचारी देश हित, रेल हित एवं कर्मचारी हित में समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सांसद जी ने सभी को शुभकामनाए दी व कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान किया। इस अवसर पर जोनल पदाधिकारी घनश्याम यादव, प्रीतम पटेल, रामविलास चौहान, सहित अनेक स्थानीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### हिंदू युवा वाहिनी ने निकाली शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा

**गाजियाबाद।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हिंदू युवा वाहिनी ने शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में देशभक्ति गानों पर कार्यकर्ता झूमते गाते उत्साह में दिखे। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ घुकना से हुआ। नंदग्राम के महाराणा प्रताप चौक पर वीर योद्धा महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ यात्रा का समापन हो गया। हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा ने बताया की मां भारती के लिए सर्वस्व अर्पण करने वाले वीरों को नमन किया गया। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर संयोजक संजीव बाल्मीकि, मोनू उपाध्याय, पुष्कर त्यागी, आकाश ठाकुर, सुंदर राजपूत, नितिन कुमार, पवन मंडल, आईटी संयोजक दीपक प्रजापति, मंडल मंत्री हिमांशु ठाकुर, अजय राजावत, मोहित सोलंकी, पवन तोमर, वीरू ठाकुर, विवेक पाल समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एचएस चावला निर्विरोध पदाधिकारी हुए नियुक्त

**गुरुग्राम।** द्रोणाधाम वरिष्ठ नागरिक संगठन की चुनाव प्रक्रिया रविवार को सेक्टर-7 स्थित आर्य समाज मंदिर के सभागार में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। चुनाव के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से एचएस चावला को वर्ष 2026-2028 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध पदाधिकारी नियुक्त किया।

### रांझी में धूमधाम एवं हर्षोल्लास से हुआ ध्वजारोहण



**समय जगत, भोपाल।** सर्रापीपल रांझी जबलपुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रात: ठीक 8 बजे धूमधाम एवं हर्षोल्लास से ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि यहां छोटी बालिका सुकन्या देवी से ध्वजारोहण कराया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आदर्श शिक्षक पंडित द्वारका प्रसाद पुरोहित, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पंडित जगतमणि चतुर्वेदी, बद्री प्रसाद कुशवाहा, वीरेंद्र पप्पू सेन सहित तमाम लोग ध्वजारोहण में शामिल रहे।

### ब्योहारी के वन्य क्षेत्रों के समीप बसे गांवों में बढ़ा बाघों का आतंक, वन विभाग निष्क्रिय पिछली घटनाओं से नहीं लिया सबक ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

**समय जगत, भोपाल।** मध्यप्रदेश के ब्योहारी क्षेत्र के जंगलों के समीप बसे गांवों में इन दिनों बाघों का आतंक बढ़ा हुआ है। स्थिति यह है कि वनों के समीपवर्ती गांवों के रहवासियों को आने - जाने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां संजय गांधी टाइगर रिजर्व के तहत बोचरो सहित कई गांव बफर जोन घोषित हैं। ऐसे में यहां बाघ जैसे वन्य जीवों की उपस्थिति के चलते वन विभाग की हमेशा सक्रियता एवं तत्परता अपेक्षित है लेकिन वन विभाग के अफसर निष्क्रिय, संवेदनहीन एवं लापरवाह बने हुए हैं जिसके चलते ग्रामीण जनों को बाघों के खौफ में जीवन गुजारना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया है कि अभी कुछ साल पूर्व ही वन विभाग की संवदेनहीनता के चलते बाघ ने ब्योहारी क्षेत्र के आखेटपुर निवासी पटेल समुदाय की एक महिला को बाघ ने अपना शिकार बना लिया था तब स्थानीय ग्रामीण जनों ने खूब बवाल मचाया था। तब प्रशासन एवं पुलिस के बड़े अधिकारियों ने कारगर हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया था तथा वन विभाग के अफसरों की जमकर खिंचाई हुई थी। उसके कुछ माह बाद ही बाघ ने वन क्षेत्र के समीप एक आदिवासी बच्चे को अपना ग्रास बना लिया था लेकिन वन विभाग के निकम्मे अफसर फिर भी नहीं जागे। आज हालात यह हैं कि पसगड़ी से बोचरो जाने वाले ग्रामीणों को बाघ के खौफ में ही आवागमन करना पड़ रहा है तथा कभी भी फिर किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है, जिसके चलते स्थानीय ग्रामीण जनों में वन विभाग के खिलाफ व्यापक आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीण जनों ने रिहायसी इलाके के करीब इस बफर जोन पर सवाल उठाया है तथा लापरवाह वन अमले पर ग्रामीणों की हत्या जैसे षड़यंत्र का आरोप भी लगाया है। साथ ही वन विभाग व इस व्यवस्था से जुड़े अन्य जिम्मेदारों के इस निकम्मेपन के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है। वहीं खबर प्रकाशन से पूर्व इस पूरे मामले पर बात करने के लिये एमपी के वन मंत्री से संपर्क किया गया लेकिन व्यस्तता या अन्य कारणों के चलते उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई 3 साल के सश्रम कारावास की सजा

**समय जगत, भोपाल।** मनोज त्रिपाठी संभागीय जनसंपर्क अधिकारी, भोपाल ने बताया कि दिनांक 27 जनवरी को न्यायालय अतुल सक्सेना 23वे अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा कूटरचित मूल निवासी प्रमाण पत्र का उपयोग कर मेडिकल सीट पर प्रवेश लेने वाले आरोपी डॉक्टर सुनील सोनकर को दोषसिद्ध पाते हुये धारा 420 भादवि में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500रू अर्थदण्ड एवं धारा 467 भादवि मे 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500रू अर्थदण्ड धारा 468 भादवि मे 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500रू अर्थदण्ड एवं धारा 471 भादवि मे 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500रू अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने का निर्णय पारित किया है। उक्त प्रकरण में शासन द्वारा की ओर से विशेष लोक अभियोजक एसटीएफ भोपाल अकिल खान एवं श्रीमती सुधाविजय सिंह भदौरिया द्वारा पैरवी की गई है। घटना का विवरण इस प्रकार है कि पुलिस थाना एसटीएफ भोपाल को प्राप्त शिकायत अनुसार व्यावसायिक परीक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित पीएमटी परीक्षा मे आरोपी सुनील सोनकर द्वारा वर्ष 2010 मे उत्तीर्ण होने पर म.प्र. राज्य कोटा का लाभ प्राप्त करने के लिये कूटरचित मूल निवासी प्रमाण पत्र का उपयोग कर सदोष लाभ प्राप्त करने से उक्त कृत्य का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## मामले की जांच में जुटी पुलिस

# अलमारियों के ताले तोड़कर कीमती सामान चुरा ले गये चोर

**ग्रेटर नोएडा।** विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुदेश कुमारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गणतंत्र दिवस से पूर्व की रात अज्ञात लोग स्कूल परिसर में दाखिल हुए और कार्यालय की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे। इसके बाद कार्यालय में रखी अलमारियों के ताले तोड़कर वहां सुरक्षित रखे गए सभी महत्वपूर्ण रजिस्टर, फाइलें और अन्य सामग्री उठा ले गए। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय देवला में चोरों ने दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया और अलमारियों के ताले तोड़कर वर्षों पुराने महत्वपूर्ण शैक्षणिक अभिलेखों के साथ-साथ कीमती सामान भी चुरा ले गए। घटना का पता सोमवार सुबह स्कूल खुलने पर चला। स्कूल प्रशासन ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुदेश कुमारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गणतंत्र दिवस से पूर्व की रात अज्ञात लोग स्कूल परिसर में दाखिल हुए और कार्यालय की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे। इसके बाद कार्यालय में रखी अलमारियों के ताले तोड़कर वहां सुरक्षित रखे गए सभी महत्वपूर्ण रजिस्टर, फाइलें और अन्य सामग्री उठा ले गए। चोरी गए अभिलेखों में वर्ष 2008 से 25 जनवरी 2026 तक की



अध्यापक उपस्थिति पंजिकाएं, छात्रों की उपस्थिति पंजिकाएं, प्रवेश रजिस्टर, पत्र व्यवहार रजिस्टर, मध्याह्न भोजन से संबंधित रिकार्ड, कैश बुक, स्टॉक रजिस्टर, एमडीएम खाता-एसएमसी खाता की चेकबुक व पासबुक, मीना पंच पंजिकाएं, और पीटीए की बैठक रजिस्टर, आय-व्यय पंजिकाएं, परीक्षा परिणाम रजिस्टर, परिवार सर्वेक्षण से जुड़ी फाइलें, शिक्षक डायरियां और विभिन्न क्लबों से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं। इन रिकॉर्डो के चोरी हो जाने से विद्यालय के प्रशासनिक कार्यो में गंभीर बाधा उत्पन्न हो गई है। इसके अलावा चोरों ने कार्यालय में रखा इन्वर्टर, बैटरी, माइक-स्पीकर, बर्तन, भगोना, जग, कटोरी, डोंगे, थाली, गिलास, चम्मच, परात, डब्बे आदि भी चुरा लिए। अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर काफी समय तक स्कूल में रुके रहे और इत्मीनान से अलमारियों की तलाशी लेकर सामान समेटते रहे। स्कूल के दस्तावेज और छात्रों के खाने के जरूरी बर्तन चोरी होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# कार सेवकों का बलिदान एवं संघर्ष हमेशा किया जाएगा याद : केशव

**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्री राम कथा स्थल पर निर्मित भव्य प्रदर्शनी मंडप का उद्घाटन रविवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्वलन कर किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि राम मंदिर के निर्माण में कारसेवकों का बलिदान एवं संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। यह केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं, बल्कि करोड़ों रामभक्तों की आस्था, त्याग और तपस्या की ऐतिहासिक विजय है। बाबा सत्यनारायण मौर्य द्वारा तैयार की गई यह प्रदर्शनी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें यह बताएगी कि आस्था और सत्य के लिए किया गया संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता। इस प्रदर्शनी मंडप का मुख्य आकर्षण श्री राम जन्मभूमि मुक्ति संघर्ष की अमर



कहानी विषय पर आधारित बाबा सत्यनारायण मौर्य प्रदर्शनी रही। इस प्रदर्शनी में राम मंदिर के इतिहास, उसके निर्माण की लंबी और संघर्षपूर्ण यात्रा, राम जन्मभूमि आंदोलन के विभिन्न चरणों, कारसेवकों की ऐतिहासिक यात्राओं तथा मंदिर निर्माण के पीछे दिए गए असंख्य बलिदानों को अत्यंत प्रभावशाली, कलात्मक और भावनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी के विभिन्न खंडों में राम जन्मभूमि आंदोलन की प्रमुख घटनाओं, ऐतिहासिक निर्णयों, जनआंदोलन की तस्वीरों, प्रतीकात्मक मूर्तियों, दृश्यात्मक पैनलों और सूचनात्मक प्रदर्शों के माध्यम से यह दर्शाया गया कि किस प्रकार वर्षों तक चले संघर्ष, तपस्या, आंदोलन और बलिदान के बाद आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण साकार हो सका।

# मक्के की रोटी-सरसों का साग मेले में मिलेगा हर तरह का स्वाद


**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला शनिवार से शुरू होने जा रहा है। मेले को लेकर प्रशासन, दुकानदार और कलाकार तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस बार सूरजकुंड मेला खास तौर पर खाने के शौकीन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने वाला है, जहां देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद एक ही स्थान पर चखने को मिलेगा। राजस्थान की मशहूर दाल-बाटी-चूरमा से लेकर पंजाब की मक्के की रोटी और सरसों का साग लोगों को खूब लुभाएगा। वहीं उत्तर प्रदेश की जलेबी के साथ-साथ प्रसिद्ध जलेबा का स्वाद भी मेले में आने वाले पर्यटकों को मिलेगा। वहीं, बिहार का लिट्टी-चोखा लोगों को काफी पसंद आने वाला है। इसके अलावा दक्षिण भारतीय, पूर्वोत्तर और अन्य राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू मेले के माहौल को और भी खास बना देगी। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और सुविधाओं



के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर साल की तरह इस बार भी सूरजकुंड मेला देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भारतीय संस्कृति, हस्तशिल्प और खान-पान की विविधता से रूबरू कराएगा। खाने के शौकीनों के लिए यह मेला किसी उत्सव से कम नहीं होगा। मेला परिसर में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें लोकनृत्य, लोकसंगीत और पारंपरिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजकों का दावा है कि इस बार सूरजकुंड मेला पहले से कहीं अधिक भव्य और यादगार होगा। पर्यटकों को उम्मीद है कि सूरजकुंड मेला न केवल खरीदारी का बेहतर मंच बनेगा, बल्कि उन्हें भारत सहित अन्य देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नजदीक से महसूस करने का अवसर भी देगा।

# फायरिंग मामले में पांचवां आरोपी हुआ गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम स्थित बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी में छात्र पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी गौरव को गिरफ्तार किया है। घटना 24 सितंबर 2025 की है, जिसमें गोली चलाई गई थी। मुख्य आरोपी सौरव रावल अभी फरार है। गुरुग्राम में बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी में दोस्तों के बीच हुई कहासुनी के बाद एक छात्र पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी गौरव को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 24 सितंबर 2025 को यूनिवर्सिटी में आयोजित एक फंक्शन के दौरान हुई थी, जिसमें सौरव रावल नामक युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पीड़ित छात्र पर गोली चला दी थी। घटना के बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही थी और अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि, हमले का मुख्य सरगना सौरव रावल अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जानकारी के अनुसार, 24 सितंबर 2025 को शाम करीब छह बजे बीएमएल मुंजाल



यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान पीड़ित छात्र का दोस्त और सौरव रावल के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पीड़ित छात्र ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन बात इतनी बढ़ गई कि सौरव रावल ने अपने दोस्तों को यूनिवर्सिटी में बुला लिया। करीब 6-30 बजे एक थार गाड़ी में सौरव के साथी यूनिवर्सिटी पहुंचे और उन्होंने पीड़ित छात्र व उसके दोस्त को बात करने के बहाने मुस्कान होटल के पास बुलाया। यहीं पर सौरव रावल के दोस्त दिनेश उर्फ दिन्नू ने पिस्तौल निकालकर पीड़ित छात्र पर गोली चला दी, जिससे वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। घटना के बाद पुलिस की अपराध शाखा, मानेसर ने सक्रियता दिखाते हुए जांच शुरू की। 25 जनवरी 2026 को पुलिस ने गौरव (24 वर्ष, निवासी महेश्वरी, रेवाड़ी) को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया। पूछताछ में गौरव ने बताया कि सौरव रावल की कहासुनी के बाद उसने ही अपने साथी दिनेश उर्फ दिन्नू, कपिल, शुभम और गौरव को बुलाया था। इसी दौरान दिनेश ने गोली चलाई थी। गौरव ने यह भी स्वीकार किया कि वह और उसके साथी पीड़ित को धमकी देकर भागे थे। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी गौरव पर पहले भी शस्त्र अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज है।

## संपादकीय

# 'मन की बात' से मतदाता हुए उत्साहित

प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात का सिलसिला लगातार जारी है। इस रविवार उन्होंने अपनी मन की बात में देशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा, मतदाता लोकतंत्र की आत्मा होते हैं और मजबूत लोकतंत्र की नींव जागरूक मतदाताओं पर टिकी होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिस तरह जन्मदिन मनाया जाता है, उसी तरह जब कोई युवा पहली बार वोटर बने तो पूरे मोहल्ले, गांव या शहर में उसे बधाई देकर मिठाई बांटी जानी चाहिए। इससे मतदान के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी। प्रधानमंत्री की इस बात से देश के मतदाता अवश्व जागरुक और उत्साहित हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में सोशल मीडिया पर चल रहे 2016 की तस्वीरें साझा करने के ट्रेंड का जिक्र करते हुए कहा, कि बीते 10 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में बड़े बदलाव देखे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। ऐसे-ऐसे स्टार्टअप सामने आए हैं, जिनकी 10 साल पहले कल्पना भी मुश्किल थी। पीएम मोदी ने स्टार्टअप से जुड़े युवाओं को सलाम करते हुए कहा कि देश के युवाओं की सोच और मेहनत भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। स्टार्टअप इंडिया पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एआई, स्पेस, न्यूक्लियर एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन, बायोटेक्नोलॉजी जैसे हर सेक्टर में भारतीय स्टार्टअप सक्रिय हैं। उन्होंने 'क्वालिटी' पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इंडियन प्रोडक्ट का मतलब क्वालिटी बनना चाहिए और इसमें किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने जनभागीदारी के उदाहरण भी साझा किए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ की तमसा नदी का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों ने सामूहिक प्रयास से नदी को नया जीवन दिया है। इसी तरह आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में सूखे से जूझ रहे क्षेत्र में जनसहयोग से 10 से अधिक जलाशयों को पुनर्जीवित किया गया और 7,000 से ज्यादा पेड़ लगाए गए, जिससे जल संरक्षण के साथ हरियाली भी बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और त्योहारों की पहचान आज पूरी दुनिया में बन रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जनभागीदारी और सामूहिकता ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में कई समसामयिक और महत्वपूर्ण मुद्दों की चर्चा भी की जाती रहती है। प्रधानमंत्री की मन की बात की यह पहल निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है।

# चुनौतीपूर्ण दौर में रणनीतिक समझौतों की अनिवार्यता

## नजरिया

**यह एकता हमारी अपनी गलतियों और स्वार्थी लक्ष्यों के कारण कमज़ोर न पड़ने पाए। केंद्र और राज्यों के बीच अच्छे कामकाजी संबंध होने चाहिए। सभी महत्वपूर्ण मामलों में केंद्र सरकार को चाहिए कि राज्य सरकारों को साथ रखे और उनके नेतृत्व को राष्ट्रीय प्रयासों में शामिल करे। यह रणनीति हमारी सभी आंतरिक सुरक्षा समस्याओं में बहुत कारगर रही है। भारत की आर्थिक सफलता हमारे पड़ोसियों में ईर्ष्या और दुश्मनी पैदा करती है और इसलिए यह ज़रूरी हो जाता है कि हम अपनी सुरक्षा और रणनीतिक गठबंधन बनाने पर कहीं ज़्यादा ध्यान दें।**

**गुरुबचन जगत**

नई विश्व व्यवस्था में द्विपक्षीय संबंधों और मुक्त व्यापार समझौतों का विस्तार ज़रूरी है। लेकिन भारत विरोधी भू-राजनीतिक ताकतों के गठजोड़ों के चलते हमें अपनी सुरक्षा और रणनीतिक गठबंधन बनाने पर भी ध्यान देना चाहिये। अमेरिका के इस्लामाबाद के प्रति नरम रुख और चीन-पाक के मंसूबों से सतर्क रहना होगा वहीं आंतरिक एकजुटता भी अनिवार्य है। यूएई के राष्ट्रपति का दिल्ली दौरा और हमारे प्रधानमंत्री के साथ उनकी बातचीत, बगल के पड़ोसी के साथ हमारे ठंडे पड़े रिश्तों के बीच ताज़ी हवा के झोंके जैसा है। अब हमारी निगाह यूरोपियन यूनियन के साथ सब समझौतों की जननी (मदर ऑफ ऑल डील्स) पर लगी है जिसके गणतंत्र दिवस तक संपन्न होने की उम्मीद है। यह समझौता यूरोपियन यूनियन के साथ हमारे संबंधों को नई गति देगा। जिस नई विश्व व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहे हैं, उसके मद्देनज़र द्विपक्षीय संबंधों और मुक्त व्यापार समझौतों का विस्तार करना और भी ज़रूरी हो गया है।

अमेरिका उत्तरोतर संरक्षणवादी बनता जा रहा है और पिछली व्यवस्था के बहुत से प्रावधानों को चुनौती दे रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री ने चीन के अपने हालिया दौरे में चीन के साथ व्यापार समझौते का मसौदा तैयार करते वक्त यही बात कही थी। यह देखते हुए कि हमारे दुश्मन देश हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठे, रक्षा/सुरक्षा समझौतों और व्यापार गठबंधनों की ज़रूरत और भी अपरिहार्य बन गई है। ज़रूरी है कि सत्ता में बैठे लोग इस पर आत्म-मंथन करें। क्या महज इस तथ्य के आधार पर कि हमारी अर्थव्यवस्था बहुत विशाल है और हमारा व्यापार भी बहुत ज़्यादा है, उससे हम अपने पड़ोसी पर अजेयता का अहसास करने लगें? तो यह भी पूछा जाए कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को व्हाइट हाउस, पेंटागन, बीजिंग, रियाद, अंकारा आदि में इतना सम्मान क्यों मिल रहा है? पाकिस्तान को चीन से आर्थिक और सैन्य सहायता मिली है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी हथियारों ने प्रदर्शन किया, भले ही चीन के साथ हमारा व्यापार 150 बिलियन डॉलर से ज़्यादा है, जबकि इसकी तुलना में पाकिस्तान और चीन का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 15-20 बिलियन डॉलर है। लेकिन उनके पास सीपीईसी (चीन-पाक आर्थिक गलियारा) है जो ग्वादर बंदरगाह के साथ, मध्य पूर्व और यूरोप के लिए चीनी बेल्ट



एंड रोड पहल (बीआरआई) का प्रवेश द्वार है। पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी (पाक अधिकृत कश्मीर में) चीन को सौंप दी थी (जिस पर हमें ऐतराज है) और जहां से होकर काराकोरम राजमार्ग गुज़रता है (जो बीआरआई का अहम हिस्सा है) और यह दोनों देशों के प्रगाढ़ रणनीतिक भाईचारे को दर्शाता है। दूसरी ओर, चीन के साथ हमारा सीमा विवाद है, और चीनी लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। इसके मद्देनजर अंदाजा लगा सकते हैं कि पाकिस्तानी शस्त्रागार में पूर्ववत आर्थिक व सैन्य मदद आती रहेगी। इसके अलावा, उन्होंने अब सऊदी अरब के साथ एक सुरक्षा समझौता किया है जो ज़रूरत पड़ने पर उन्हें मदद का आश्वासन देता है। एक नए प्रस्तावित त्रिपक्षीय गठबंधन में तुर्की की पाकिस्तान और सऊदी अरब के साथ मिलकर मिनी-नाटो जैसा गठबंधन बनाने की उम्मीद है। याद रखें कि पाकिस्तान के साथ हालिया टकराव के दौरान तुर्की ने ही एकजुटता दिखाने के लिए अपना एक युद्धपोत भेजा था, और कथित तौर पर लड़ाई में उसके बनाए ड्रोनों का भी इस्तेमाल किया गया था। यहां भी, भारत-सऊदी द्विपक्षीय व्यापार 40 बिलियन डॉलर से ज़्यादा है, जबकि पाक-सऊदी व्यापार सिर्फ़ 5 बिलियन डॉलर...फिर भी उनके बीच रक्षा समझौता है। पाकिस्तान लंबे समय से सऊदी अरब को उसकी सुरक्षा ज़रूरतों के लिए सैनिक मुहैया करवाता रहा है और इस बात पर ध्यान देना ज़रूरी है कि वह एकमात्र इस्लामिक देश है जिसके पास परमाणु क्षमताएं हैं। हाल ही में इस्राइल द्वारा कतर में और अमेरिका द्वारा ईरान पर बमबारी को देखते हुए लगता है कि तुर्की, पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच सुरक्षा समझौते के पीछे भू-राजनीतिक मजबूरियां हैं। अल जज़ीरा के एक हालिया लेख के अनुसार, पाकिस्तान एशिया और अफ्रीका के कई देशों को फाइटर जेट बेचने जा रहा है। जेएफ-17 लड़ाकू जेट चीन और पाकिस्तान के संयुक्त उपक्रम में बनाए जा रहे हैं, और इसके नवीनतम ब्लॉक 3 वेरिएंट को 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान के रूप में वर्गीकृत किया गया है। 25-30 मिलियन डॉलर की अपेक्षाकृत कम कीमत के साथ इसे कई वायु सेनाओं द्वारा आकर्षक विकल्प माना जा रहा है। यह देखते हुए कि भू-राजनीतिक ताकतें खेल कर रही हैं जो केवल व्यापारिक संबंधों पर हावी हो रही हैं, जब तक हम एक सशक्त सक्रिय नीति नहीं अपनाते, हम खुद को उतरोत्तर अलग-थलग पड़ते पा सकते हैं। अमेरिका अभी भी बड़ी समस्या बना हुआ है, और उसने हाल ही में फिर से इस्लामाबाद की ओर नर्मी भरा रुख अपनाया है। मामलों को और जटिल बनाने के लिए, अमेरिकी टैरिफ और प्रतिबंधों का खतरा हमारे सिर पर मंडरा रहा है। इसके परिणामस्वरूप न केवल हमारे निर्यात में मंदी आई, बल्कि रूस से हमारे तेल आयात में भी भारी कमी करनी पड़ी है। रूस यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझा पड़ा है, और यह हमारे लिए अच्छा नहीं क्योंकि हमारा मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता वही है किंतु फिलहाल उसे अपनी ज़रूरतें पहले पूरी करनी हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों के खतरे के कारण हमें ईरान के साथ हुए उस समझौते से पीछे हटना पड़ रहा है, जिसके जरिए हमें चाबहार बंदरगाह को विकसित और इस्तेमाल करने में मदद मिली थी, और यह ईरान के साथ बचे-खुचे व्यापार को भी रोक देगा, जो पिछले प्रतिबंधों की वजह से पहले ही काफी कम हो चुका। ईरान पारंपरिक रूप से हमारे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है। चाबहार बंदरगाह हमें ईरान और मध्य एशिया तक पहुंच मुहैया कराता है। हालिया खबरों के अनुसार, बंदरगाह के भविष्य पर अमेरिका के साथ चर्चा हो रही है। आखिर में, कश्मीर का पुराना सवाल पहले की भांति कायम है, चीन के समर्थन वाला पाकिस्तान हमेशा यथास्थिति बदलने के मौके की ताक में रहता है। उनके दावों और बातों को हम केवल दिवास्वप्न कहकर खारिज नहीं कर सकते। चीन सीमाओं पर नागरिक एवं सैन्य बुनियादी ढांचे को नए स्तर पर ले जा रहा है, चाहे अग्रिम सीमांत एयरबेस हों या सड़कें वगैरह, जैसाकि हम भी कर रहे हैं, लेकिन पैमाना अलग है। बांग्लादेश में बदले हुए राजनीतिक हालात ने मामलों को और जटिल बना दिया तथा आज उनके वरिष्ठ नेता खुलेआम पूर्वोत्तर भारत को देश के बाकी हिस्सों से काटने की वकालत करते सुने जा रहे हैं। इस तथ्य के मद्देनज़र कि मणिपुर में स्थिति शांत नहीं और नागालैंड में समस्या अनसुलझी है, यह हमारे पूर्वोत्तर को असुरक्षित और उपद्रवों के लिए खुला छोड़ देता है। लद्दाख में भी अशांति है और मणिपुर की तरह वहां भी त्वरित समाधान जरूरी है। अगर रूस उलझा हुआ है और अपने सहयोगियों की मदद करने में असमर्थ है और अमेरिका प्रतिबद्ध नहीं है, तो हम मदद के लिए किसकी ओर देखेंगे? यह समय चतुर कूटनीति का है ताकि हमारे खिलाफ़ और नए गठजोड़ को रोका जा सके। हम चीन, सऊदी, यूएई, अमेरिका वगैरह के साथ भारी मात्रा में व्यापार करते हैं, हमें अपने रणनीतिक लक्ष्यों के लिए इसका फ़ायदा उठाना चाहिए क्योंकि सभी बड़ी शक्तियों ने व्यापार को एक रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। मज़बूत विदेश नीति एक मज़बूत एकजुट राष्ट्र की नींव पर आधारित हो। राष्ट्रीय नेतृत्व की ज़िम्मेदारी है कि वह हमें एकजुट रखे।

# भारत का संविधान कर्तव्य और राष्ट्रबोध

**निखिलेश महेश्वरी**

26 जनवरी को भारत ने अपने गणतंत्र की 77वीं वर्षगांठ मनाया। यह अवसर न केवल उत्सव का है, बल्कि अपने गणतंत्र और संविधान के महत्व पर गंभीर चिंतन का भी है। 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अंगीकार किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को वह विधिवत रूप से लागू हुआ। इसी के साथ भारत ने एक संप्रभु, लोकतांत्रिक, समतावादी और स्वतंत्र गणराज्य के रूप में अपनी ऐतिहासिक यात्रा का शुभारंभ किया। अतः यह दिन प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए राष्ट्रीय गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है। भारत का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिकों के कर्तव्यों का एक जीवंत मार्गदर्शक है।

भारतीय संविधान राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की स्थापना का सशक्त आधार प्रदान करता है। संविधान की उद्देशिका में यह स्पष्ट रूप से घोषित किया गया है कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय; विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता; प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्रदान कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिए, दृढ़संकल्प के साथ कार्य करने का एक अभिवचन करते हैं। संविधान, नागरिकों को जहाँ मूलभूत अधिकार देता है, वहीं कर्तव्य और राष्ट्रबोध के माध्यम से राष्ट्र के प्रति उनकी जवाबदेही को भी सुनिश्चित करता है। इन 77 वर्षों में भारत ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त सुव्यवस्थित लोकतांत्रिक ढाँचे के कारण भारत ने अनेक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं और आज वह विश्व समुदाय के साथ आत्मविश्वासपूर्वक आंखो में आंखे डालकर संवाद करता है। स्वतंत्रता प्राप्ति और संविधान के प्रवर्तन के पश्चात भारत ने निरंतर प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेज़ गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी रूप से उभर रहा है। साथ ही सामान्य नागरिक भी आर्थिक, शैक्षिक एवं सामाजिक समानता के क्षेत्रों में निरंतर प्रगति करता हुआ दिखाई देता है। यह समग्र विकास भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों की सुदृढ़ व्यवस्था के कारण संभव हो पाया है। वर्तमान में संविधान के भाग-3 में वर्णित छह मौलिक अधिकार नागरिकों को प्राप्त हैं– समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14 से 18), स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19 से 22), शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23 से 24), धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25 से 28), संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29 से 30), तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)। ये सभी अधिकार नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और मानवीय गरिमा की सुनिश्चितता प्रदान करते हैं। यद्यपि संविधान की उद्देशिका में हम भारत के लोग के रूप में इन आदर्शों को व्यवहार में उतारने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया गया है, किंतु उसका पूर्ण प्रतिबिंब आज सामाजिक आचरण में दिखाई नहीं देता। देश में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा नागरिक अधिकारों को लेकर व्यापक जन-जागरण हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग तो हुए हैं,परंतु कर्तव्यबोध में अपेक्षित संवेदनशीलता का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है। भारत की पारंपरिक दृष्टि सदैव कर्तव्य-प्रधान रही है, किंतु वर्तमान समय में अधिकारों पर अत्यधिक बल और कर्तव्यों की उपेक्षा सामाजिक समरसता, बंधुत्व और राष्ट्रभाव के लिए चुनौती बन गई है। विधिक स्तर पर अधिकारों का पालन तो हो रहा है, परंतु सामाजिक स्तर पर आज समानता और बंधुत्व की भावना कमजोर पड़ती प्रतीत होती है। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी ध्यान देने योग्य है कि संविधान के मूल दस्तावेज़ में सम्मिलित आदर्श चरित्रों और सांस्कृतिक प्रतीकों के चित्र आज सामान्य रूप से उपलब्ध संविधान प्रतियों में प्रायः देखने को नहीं मिलते। यह स्थिति संविधान निर्माता पूज्य डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के प्रति अनादर का भाव उत्पन्न करती है। जबकि संविधान के मूल दस्तावेज़ में भगवान राम, कृष्ण, हनुमान, बुद्ध, महावीर, अकबर, टीपू सुल्तान, रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस जैसी ऐतिहासिक एवं पौराणिक विभूतियों के चित्र अंकित थे। इसके अतिरिक्त, सिंधु घाटी सभ्यता का बैल, अशोक स्तंभ, अजंताङ्कएलोरा की गुफाएँ तथा मोहनजोदड़ो जैसे प्रतीक भारत की प्राचीन और समृद्ध सभ्यता का सजीव चित्र प्रस्तुत करते थे। यह कहा जाता है कि बाद के काल में, विशेषतः 1970 के दशक में, धर्मनिरपेक्षता के नाम पर इन चित्रों को हटाया गया।

# स्याही से संप्रभुता तकः भारतीय संविधान की ऐतिहासिक यात्रा

**श्वेता गोयल**

भारत इस वर्ष अपना 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के संविधान का विशेष महत्व है, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। हालांकि इसे स्वीकृत 26 नवम्बर 1949 को ही कर लिया गया था। डा. भीमराव अम्बेडकर के अथक प्रयासों के कारण ही भारत का संविधान ऐसे रूप में सामने आया, जिसे दुनिया के कई अन्य देशों ने भी अपनाया। दिलचस्प बात यह है कि भारत के लिखित संविधान में कई चीजें विभिन्न देशों के संविधान से ली गई हैं। हमारा यह संविधान दुनिया का सबसे ब?ा लिखित संविधान है। हालांकि कुछ ऐसे देश भी हैं, जिनके पास अपना कोई लिखित संविधान नहीं है, ऐसे देशों में पहले से ही बने ऐसे नियमों के आधार पर ही शासन व्यवस्था चलाई जाती है, जो संविधान के अधिनियमों के बराबर महत्व रखते हैं। आश्चर्य की बात है कि भारत पर करीब दो सदियों तक शासन कर चुके इंग्लैंड जैसे देश के पास भी लिखित रूप में संविधान नहीं है। समय और परिस्थितियों के अनुसार इंग्लैंड के कानून को वहां की संसद द्वारा बदला जा सकता है।

सऊदी अरब भी ऐसा देश है, जिसके पास अपना कोई लिखित संविधान नहीं है, जहां कुरान में लिखी बातों को ही सर्वोच्च मानकर प्रायः अजीबोगरीब कानूनों के आधार पर ही निर्णय लिए जाते हैं। इजराइल भारत के एक वर्ष बाद यानी 1948 में आजाद हुआ था लेकिन उसके पास भी अपना लिखित संविधान नहीं है। हालांकि वहां संविधान बनाने की प्रक्रिया तो शुरू हुई थी किन्तु संसद में आपसी मतभेदों के कारण यह मूर्त रूप नहीं ले सका। इसी कारण इजराइल की संसद में अलिखित संविधान को ही मान्यता प्राप्त है, जिसके जरिये वहां की शासन व्यवस्था चलाई जाती है। इजराइल की ही भांति दक्षिण पश्चिमी प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश न्यूजीलैंड में भी अलिखित संविधान ही है और वहां भी पहले बने कानूनों को आधार मानकर न्याय एवं प्रशासनिक व्यवस्था चलती है। संविधान के लिखित अथवा अलिखित होने को लेकर कनाडा की स्थिति कुछ अजीबोगरीब है। दरअसल यहां कुछ लोग मानते हैं कि कनाडा में अलिखित संविधान के जरिये शासन होता है जबकि कुछ लोगों का कहना है कि कनाडा का लिखित संविधान है। वैसे माना जाता है कि कनाडा में लिखित संविधान तो है लेकिन यहां की सरकार अलिखित संविधान के नियमों का ही पालन करती है। जहां तक भारतीय संविधान की बात है तो प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरव का प्रतीक हमारा यह संविधान बहुत मेहनत के बाद तैयार हुआ था। संविधान प्रारूप समिति की बैठकें 114 दिनों तक चली थी और संविधान के निर्माण में करीब तीन वर्ष




का समय लगा था। संविधान के निर्माण कार्य पर करीब 64 लाख रुपये खर्च हुए थे और इसके निर्माण कार्य में कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई थी। मूल संविधान में सात मौलिक अधिकार थे लेकिन 44वें संविधान संशोधन के जरिये सम्पत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटाकर संविधान के अनुच्छेद 300 (ए) के अंतर्गत कानूनी अधिकार के रूप में रखा गया, जिसके बाद भारतीय नागरिकों को छह मूल अधिकार प्राप्त हैं, जिनमें समता या समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14 से अनुच्छेद 18), स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19 से 22), शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23 से 24), धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25 से 28), संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29 से 30) तथा संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 32) शामिल हैं। संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद 12 से अनुच्छेद 35 के अंतर्गत मूल अधिकारों का वर्णन है और संविधान में यह व्यवस्था भी की गई है कि इनमें संशोधन भी हो सकता है तथा राष्ट्रीय आपात के दौरान जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को छो?कर अन्य मौलिक अधिकारों को स्थगित किया जा सकता है।

भारतीय संविधान से जुडे रोचक तथ्यों पर नजर डालें तो हमारे संविधान की सबसे ब?ी रोचक बात यही है कि यह दुनिया का सबसे ब?ा लिखित संविधान है। सर्वप्रथम सन् 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने मांग की थी कि अंग्रेजों के अधीनस्थ भारत का संविधान स्वयं भारतीयों द्वारा बनाया जाना चाहिए लेकिन भारत के लिए स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की मांग को ब्रिटिश सरकार द्वारा ठुकरा दिया गया था। 1922 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मांग की कि भारत का राजनैतिक भाग्य भारतीय स्वयं बनाएंगे लेकिन अंग्रेजों द्वारा संविधान सभा के गठन की लगातार उठती मांग को ठुकराया जाता रहा। आखिरकार 1939 में कांग्रेस अधिवेशन में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि स्वतंत्र भारत के संविधान के निर्माण के लिए संविधान सभा ही एकमात्र उपाय है और सन् 1940 में ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा ही बनाए जाने की मांग को स्वीकार कर लिया गया। 1942 में क्रिप्स कमीशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत का संविधान तैयार करेगी।

सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में 9 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा पहली बार समवेत हुई किन्तु अलग पाकिस्तान बनाने की मांग को लेकर मुस्लिम लीग द्वारा बैठक का बहिष्कार किया गया। दो दिन बाद संविधान सभा की बैठक में डा. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया और वे संविधान बनाने का कार्य पूरा होने तक इस पद पर आसीन रहे। 15 अगस्त 1947 को भारत अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुआ और संविधान सभा द्वारा 29 अगस्त 1947 को संविधान का मसौदा तैयार करने वाली 'संविधान निर्मात्री समिति' का गठन किया गया, सर्वसम्मति से जिसके अध्यक्ष बने भारतीय संविधान के जनक डा. भीमराव अम्बेडकर। संविधान के उद्देश्यों को प्रकट करने के लिए संविधान में पहले एक प्रस्तावना प्रस्तुत की गई है, जिससे भारतीय संविधान का सार, उसकी अपेक्षाएं, उसका उद्देश्य, उसका लक्ष्य तथा दर्शन प्रकट होता है। प्रस्तावना के अनुसार, ''हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# बंगाल में वर्चस्व के लिए टीएमसी-भाजपा टकराव तेज

**मधुरेन्द्र सिन्हा**

बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी और भाजपा के बीच सियासी संघर्ष तेज़ हो गया है, जहां भ्रष्टाचार और विकास की राजनीति प्रमुख मुद्दे बने हैं। भारत के पूर्वी प्रांत बंगाल में सियासी महासंग्राम शुरू हो चुका है। विधानसभा चुनाव मार्च या अप्रैल में होंगे। पांच मई तक नई सरकार को शपथ लेनी होगी। ममता बनर्जी इस समय कई कारणों से सुर्खियों में हैं। ईडी से उनका टकराव हाल की बात है। उससे पहले उन्होंने एसआईआर के खिलाफ जबर्दस्त आवाज उठाई और चुनाव आयोग को धमकाया। इन हालातों के मध्यनजर सुप्रीम कोर्ट को बीच में आना पड़ा और उन्हें शांत किया।

ईडी ने वहां के कोयला कारोबारी और एक एजेंसी आईपैक के दफ्तरों और अन्य ठिकानों पर मनी लॉन्डरिंग के मामले में छापा मारा। ममता दीदी स्वयं वहां पहुंच गईं और फाइलें, लैपटॉप वगैरह उठा ले गईं तथा अपने पुलिस वालों से कहकर ईडी अफसरों और कर्मियों पर एफआईआर तक करवा दी। एफआईआर करवाना उनका पुराना तरीका है ताकि प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बना रहे। अब मामला हाईकोर्ट और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट में चला गया। सुप्रीम कोर्ट में देश के सबसे बड़े दो वकील ममता दीदी की तरफ से खड़े हो गए। ईडी ने कोलकाता छापेमारी मामले में बंगाल पुलिस के कामकाज में दखलंदाजी के आरोपों के बीच बंगाल पुलिस के महानिदेशक को हटाने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट में ममता के वकीलों ने राज्य पुलिस द्वारा की गयी एफआईआर को न्यायसंगत बताया। न्यायाधीश ने नाराजगी जताई और कड़े शब्दों में कहा कि यह गंभीर विषय है कि राज्य पुलिस किसी वैधानिक केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई में हस्तक्षेप कर रही है। अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान हर संस्था को स्वतंत्र रूप से काम करने का अधिकार देता है और राज्य पुलिस को यह छूट नहीं है कि वह ईडी जैसी एजेंसियों के काम में बाधा डाले। कोर्ट ने साफ किया कि अंतिम फैसले तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी। दूसरी ओर, ममता दीदी ने एसआईआर के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है, जहां से उन्हें डर है कि उनके समर्थकों के नाम ज्यादा संख्या में कट न जाएं। सभी जानते हैं कि बंगाल में घुसपैठ के चलते लाखों की तादाद में बांग्लादेशी मौजूद हैं। वे खुलेआम टीएमसी का समर्थन करते हैं और इसलिए पार्टी नहीं चाहती है कि उनके नाम कटें। इसके अलावा वहां रोहिंग्या भी बड़ी संख्या में आ घुसे हैं। उन्हें भी देश से भगाने की बात की जा रही है लेकिन ममता दीदी इसे स्वीकार नहीं करतीं। कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस के बंगाल में पतन के बाद अब वहां एक दशक से लड़ाई भाजपा बनाम तृणमूल के बीच है। भाजपा ने पिछले दो चुनावों में काफी प्रयास किया, लेकिन वे टीएमसी की आक्रामक नीति और प्रशासन के सहयोग के सामने जीत का बिगुल नहीं बजा पाए। इस बार पार्टी नई रणनीति के साथ अमित शाह के नेतृत्व में उतरी है। उन्होंने बंगाल के चुनाव की कमान अपने हाथों में ले ली है। गृहमंत्री ने दिसंबर महीने में कोलकाता जाकर वहां पहले तो अपने पार्टी संगठन से जुड़े लोगों से बातचीत की और फिर आरएसएस के कार्यकर्ताओं से मंत्रणा की। मकसद था कि दोनों संगठनों में सामंजस्य बना रहे। उन्होंने वहां के हुगली जिले के सिंगूर में 830 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इतना ही नहीं, देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन भी बंगाल से ही शुरू की गई, जबकि राज्य को पहले ही लगभग आधा दर्जन अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाएं मिल चुकी हैं। ये सभी कार्यक्रम वोटरों को आकर्षित करने की योजना का हिस्सा हैं। भाजपा और अमित शाह की नीति रही है कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का हौसला बनाए रखा जाए। गृहमंत्री ने बंगाल में यही किया और उनसे हालात का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी के चुनींदा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं के साथ भी गहन बातचीत की। स्थिति की समीक्षा करने और रणनीति बनाने के लिए उन्होंने भाजपा के विधायकों, सांसदों के अलावा म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के सभासदों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

## चोपना में बंगाली हिंदू गौरव एवं राष्ट्रीय पराक्रम उत्सव का हुआ आयोजन

# बंग्लाभाषी हिंदू समाज के मुद्दों-समस्याओं के समाधान के लिये सौंपा गया ज्ञापन



**समय जगत, भोपाल।** विगत दिनों ग्राम चोपना, जिला बैतूल में बंगाली हिंदू गौरव एवं राष्ट्रीय पराक्रम उत्सव का भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर, लोकभारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, बंगो लोकभारती के राष्ट्रीय संयोजक डॉ देवज्योति गाइन, राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख श्रीकृष्ण चौधरी, केन्द्रीय पदाधिकारी अशोक त्रिपाठी, प्रदेश संयोजक संजीव राय, प्रदेश संरक्षण संजीत सरकार व सपन दास प्रदेश सहसंयोजक बंगो लोकभारती आदि की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। साथ ही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय के लोग महिला-पुरुष उपस्थित रहे। इस दौरान लोकभारती पदाधिकारियों द्वारा बंग्लाभाषी हिंदू समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों एवं समस्याओं से संबधित एक ज्ञापन भी मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर को सौंपा गया। जिसमें शासन- प्रशासन से इन मुद्दों-समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रकृति, संस्कार-संस्कृति, पर्यावरण, जलसंरक्षण, कचरा निस्तारण, गौआधारित प्राकृतिक कृषि एवं लोक कल्याण के समस्त कार्यों में निरंतर कार्य करने वाले संघ प्रेरित संगठन लोक भारती से संबद्ध राष्ट्रवादी विचारधारा के बंगलाभाषी हिन्दू समाज का संगठन बंगो लोकभारती उक्त ध्यान आकर्षण प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित करता है और शासन प्रशासन से बंगलाभाषी हिन्दू समाज के विभिन्न समस्याओं का समाधान करने का आग्रह करता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि एसआईआर, सीए, एनआरसी के संबंध में जो भी बंगलाभाषी हिन्दू समाज के लोग मध्य प्रदेश एवं भारत में निवासरत है उनको किसी प्रकार की प्रताड़ना का शिकार न होना पड़े एवं केवल हिन्दू प्रमाण पत्र के आधार पर भारत की नागरिकता प्रदान की जाय।

बंगलाभाषी हिन्दू समाज के अनेकों लोग स्वास्थ्य सेवा में सेवा प्रदान करते हैं, उन्हें बंगाली झोलाछाप के नाम से संबोधित किए जाने के बजाय सभी स्वास्थ्य सेवकों को स्वास्थ्य सेवक के नाम से पंजीयन कर शासन प्रशिक्षण प्रदान करें तथा इन्हें सहयोगात्क वातावरण प्रदान किया जाय। बंगलाभाषी हिन्दू समाज वर्ष 2026-27 में जनगणना एवं जाति गणना में बंगलाभाषी हिन्दू समाज को उनके जाति के आधार पर गणना की जाय एवं जो जिस जाति वर्ग में आते हैं उस जाति का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाय तथा शासन और प्रशासन से मिलने वाले लाभ प्रदान किये जायें। म.प्र. के 46 बंगलाभाषी ग्रामों (जिला बैतूल - 32, सतना - 7, पन्ना- 11, में शा.प्रा. शाला में एक विषय बंगला भाषा में शिक्षा प्रदान किया जाय 6 वीं से 12 वीं तक एक विषय बंगला भाषा में तथा पत्राचार माध्यम व्यवस्था शुरू की जाय। बैतूल, सतना, पन्ना, नीमच जिले के विस्थापित (बंगाली एवं बर्मिस) परिवारों को केन्द्र सरकार ने पांच एकड कृषि भूमि एवं आवासीय भूमि आवंटित किया गया था जिसका भूसर्वेक्षण ( बंदोबस्त ) करा कर मालिकाना हक पट्टा प्रदान किया जाये। बंगलाभाषी हिन्दू समाज की संस्कृति, संस्कार, रीति रिवाज, खानपान, रहन-सहन, लोक कला, संगीत आदि के संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु गतिविधि संचालन के लिए भूमि आवंटित कर बंगो संस्कृति भवन जिसमें 500 से 1000 लोगों की बैठक व्यवस्था एवं दो से तीन कमरे का भवन निर्माण किया जाय। बंगो समाज कल्याण बोर्ड या बंगो समाज कल्याण मंत्रणा परिषद / निगम का गठन किया जाय।

## गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह में कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

**रतलाम।** रतलाम जिले में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को उत्साह हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर जिले में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति के नारों के साथ प्रभात फेरिया निकाली गई। मुख्य समारोह पोलोग्राउंड रतलाम में आयोजित किया गया। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चेतन्य काश्यप ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालाबाई शंभूलाल चंद्रवंशी, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, विप्लव जैन, कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, कमिश्नर नगर निगम अनिल भाना, एसडीएम आर्ची हरित, शासकीय अधिकारी / कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। ध्वजारोहण के बाद समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया। समृद्धि एवं शांति के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। एसएएफ, पुलिस, होमगार्ड, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट आदि दलों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया गया। लोकतंत्र सैनानियों का सम्मान किया गया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शासकीय विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि काश्यप ने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर एवं विनिता ओझा ने किया। गणतंत्र दिवस समारोह में परेड कमांडर प्रशिक्षु आईपीएस वैभव प्रिय और सेकंड कमांडर सूबेदार श्रीमती मोनिका सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आकर्षक परेड का आयोजन किया गया। इसमें एसएएफ, जिला पुलिस बल, जिला महिला बल, जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर एवं जूनियर डिवीजन, शौर्य दल और बेंड दल शामिल था। परेड का प्रथम पुरस्कार एसएएफ 24 वीं वाहिनी जी कंपनी रतलाम को प्राप्त हुआ। द्वितीय पुरस्कार एनसीसी जूनियर डिवीजन सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल रतलाम को प्राप्त हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### लाल बहादुर शास्त्री हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस



**समय जगत,बनखेड़ी ।** लाल बहादुर शास्त्री हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल बनखेड़ी में 77 वें गणतंत्रता दिवस पर संस्था में समिति सदस्यों द्वारा पूर्ण अनुशासन एवं नियम अनुसार ध्वजरोहन का कार्यक्रम सम्पन हुआ। इस दौरान समिति अध्यक्ष असफाक बोहरा, कैलाश सोनी, शिवनारायण श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव, स्कूल संचालक हिमांशु श्रीवास्तव, संथा स्टॉफ से पदम पटेल एवं अन्य शिक्षक और बच्चों के साथ उनके पालक उपस्थित रहे, बनखेड़ी जनपद पंचायत के तत्वाधान मे हुए समस्त स्कूलों के कार्यक्रम संपन्न हुए। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम में माध्यमिक विभाग की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति में लाल बहादुर शास्त्री के बच्चों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

### प्राथमिक शाला एवं मंशाराम पार्क में राजेश नेमा ने फहराया ध्वज



**समय जगत, नरसिंहपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला तलापार में समय जगत जिला ब्यूरो राजेश नेमा द्वारा झंडा फहराया गया। इस अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठिका श्रीमती अर्चना मिश्रा ने छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस के संबंध में उदबोधन दिया। शिक्षिका श्रीमती ममता साहू शिक्षक राहुल सोनटेके ने राष्ट्रभक्ति के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की। इसके पश्चात नरसिंह मंदिर परिसर स्थित मंशाराम पार्क में भी राजेश नेमा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया इस अवसर पर राजेश विश्वकर्मा सुनील जाट सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मेरा युवा भारत द्वारा जागरुकता रैली का किया गया आयोजन

**समय जगत, रतलाम।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत रतलाम के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आर्मी बटालियन अकैडमी, रतलाम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एकेडमी के संचालक राहुल केवट एवं अन्य युवा साथियों द्वारा नए मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात युवाओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोकतंत्र में मतदान के महत्व का संदेश दिया गया।

# सीमावर्ती 'कच्छ के रन' में दुनिया के सबसे विशाल खादी तिरंगे का हुआ प्रदर्शन



**समय जगत, भोपाल/ नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुजरात के सीमावर्ती भुज जिले के 'ग्रेट रन ऑफ कच्छ' केधोरडो में सोमवार को देशभक्ति और स्वदेशीशक्ति का ऐतिहासिक संगम देखने को मिला, जब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूज्य बापू की विरासत खादी से निर्मित दुनिया का सबसे विशाल स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मान और गौरव के साथमें भव्य एवं दिव्य रूप में प्रदर्शित किया गया।खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार द्वारा इस विशेष प्रदर्शन का आयोजन किया गया। 'सफेद नमक के रेगिस्तान' के ऊपर आलोकित यह ऐतिहासिक तिरंगा राष्ट्रभक्ति, स्वदेशी भावना एवं भारत की सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रतीक बना। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने देश की एकता, अखंडता और गौरवशाली परंपरा को साकार होते हुए देखा।देशभर के खादी कारीगरों ने वीडियो संदेश के माध्यम से कच्छ में लगे दुनिया के सबसे विशाल तिरंगे को सैल्यूट करके नया कीर्तिमान बनाया।इस अवसर पर भारतीय सेना तथा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों द्वारा विश्व के इस सबसे विशाल खादी से निर्मित राष्ट्रीय ध्वज को पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ स्थापित किया गया तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर उसे सलामी दी गई।राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम के दौरान भावुक क्षण तब देखने को मिला, जब केवीआईसी अध्यक्ष ने मंच से भारतीय सेना के वीर शहीद सार्जेंट मुरलीधर की पत्नी श्रीमती राजकुमारी को सम्मानित कर उनके त्याग, बलिदान और राष्ट्रसेवा को नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार रहे। समारोह में भारतीय सेना और सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी एवं जवान, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गुजरात सरकार एवं केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारी, तथा खादी से जुड़े कारीगर उपस्थित रहे। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत गुजरात के कारीगरों को उपकरण और टूलकिट का वितरण किया गया। इस अवसर पर केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कच्छ के रन में दुनिया के सबसे विशाल खादी तिरंगे का भव्य प्रदर्शन किया जाना राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। यह कार्यक्रम 'ऑपरेशन सिंदूर' के वीर जवानों को समर्पित है। इस अवसर पर उन्होंने देश के नागरिकों से अपील की वो खादी भवनों से खादी से बने ध्वज खरीदें और उसे अपने घरों पर फहराएं।

## बिना लाइसेंस के चल रही थी पटाखा फैक्ट्री 200 क्विंटल से अधिक बारूद व सामग्री जब्त



**समय जगत, खंडवा।** खंडवा पुलिस प्रशासन की बड़ी कार्रवाई भारी मात्रा में अवैध रूप से संचालित फटाका फैक्ट्री से पड़ी 200 क्विंटल से अधिक बारूद और सामग्री जब्त की, खंडवा पुलिस अधीक्षक मनोज राय द्वारा मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत आने वाली कॉलोनी सम्यक गोल्ड में क्लब हाउस में अवैध रूप से यह फटाका फैक्ट्री संचालित की जा रही थी देर रात पुलिस ने कार्रवाई की अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी फरार हो गए, घटनास्थल से भारी मात्रा में सामग्री जप्त की गई है और एक पिकअप वाहन , स्कूटी भी जप्त कि है, पुलिस ने अज्ञात रूपों के विरुद्ध धारा 5 विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला पंजीबद किया है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने बताया कि पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत कर इस मामले का खुलासा किया है इसमें दो व्यक्तियों के नाम सामने आ रहे हैं। जिसमें दोनों ही कांग्रेस के बताए जा रहे हैं पहले जिसकी कॉलोनी है यशवंत सिलावट और कांग्रेस के ही एक नेता जो कि पटाखा व्यापारी है ,इमरान पीरयानी के नाम सामने आए हैं, मामले की जांच की जा रही है। बड़ी मात्रा में बारूद जब्त किया और पटाखा फैक्ट्री को सील कर दिया।निर्माण में उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री भी जप्त की गई है। क्लब हाउस को सील कर दिया गया है और इस संबंध में आगे भी जांच की जा रही है। पुलिस के एक्शन के बाद इस बात की भी जांच की जा रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में बारूद कहां से बुलाया गया।

## शहीद पार्क पर पत्रकारों की उपस्थिति में एसडीएम साहू ने किया ध्वजारोहण



**समय जगत,खाचरोद ।** प्रेस क्लब खाचरोद द्वारा शहीद पार्क स्टेशन रोड़ पर पत्रकारों की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी नेहा साहू ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उक्त जानकारी प्रेस क्लब सचिव नागेश्वर बैरागी ने देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार प्रेस क्लब द्वारा गौरवशाली रूप से पिछले 18 वर्षो से अधिक समय पहले शहीदों की स्मृति में बने शहीद पार्क पर नगर के समस्त पत्रकारों द्वारा ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया जाता है। इस गणतंत्र दिवस पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष भूपेंद्र उपाध्याय, पत्रकारगण नीरज दुबे, प्रेम चौहान, गिरधारीलाल गहलोत, दिलीप बुंदीवाल, कैलाश नायक, संदीप दावरे,दीपक उपाध्याय, शाहनवाज खान सहित प्रिंट व इलेक्ट्रानिक व सामाजिक कार्यकर्ता जगदीशचन्द्र प्रजापति उपस्थित थे। प्रेस क्लब द्वारा एसडीएम नेहा साहू व तहसीलदार प्रकाश परिहार का स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही देश की सीमाओं की रक्षा कर लौटे पूर्व सैनिक शांतिलाल अटोलिया का भी स्वागत सम्मान किया गया। इसके साथ नवागत अध्यक्ष भूपेंद्र उपाध्याय और समस्त कार्यकारणीय का भी सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा,नगरपालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल छाजेड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीषा शर्मा, भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया, विनोद चतुर्वेदी ,पार्षद नारायण मंडावलिया, अभिभाषक संघ पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चोरड़िया, कृष्णचंद गौहर, नरेंद्र गोहर, विमलेश दलाल सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित थे। उक्त अवसर पर प्रेस क्लब द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों का भी सम्मान किया गया।

## विजयराघवगढ़ में 77वें गणतंत्र दिवस का जश्न, विधायक संजय पाठक ने फहराया तिरंगा



**समय जगत, जबलपुर/विजयराघवगढ़।** विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले पर 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विधायक संजय पाठक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों समेत समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश आज 2047 में विकसित देश की श्रेणी में आने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य की दिशा में चल रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार हर उस क्षेत्र में विकास के कार्यों को करा रही है जो जरूरी है चाहे वो शिक्षा का क्षेत्र, स्वास्थ्य का क्षेत्र, सड़के,पेयजल, सिंचाई , बिजली उत्पादन, औद्योगिक विकास इन जैसे अनेकों क्षेत्र है जिनपर लगातार कार्य हो रहे हैं। विकसित भारत बनाने में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है । गणतंत्र दिवस पर विजयराघवगढ़ वासियों को 10 एकड़ भूमि पर बनने व्यवस्थित बड़े पार्क निर्माण कार्य के शुभारंभ के तौर पर प्रथम चरण में भूमि के चारों ओर बाउंड्री वॉल के निर्माण का विधायक संजय पाठक ने भूमिपूजन किया। इस पार्क के निर्माण की तैयारी पिछले वर्ष से हो रही थी। नगर परिषद को भूमि का ट्रांसफर पिछली अध्यक्ष वसुधा मिश्रा के कार्यकाल में हुआ था। गत दिवस नई अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे एवं पार्षदों एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। विधायक संजय पाठक ने भूमिपूजन करते हुए आगामी समय में एक अच्छे पार्क का निर्माण होने की नगर एवं क्षेत्रीय लोगों को बधाई दी। इस अवसर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे, पूर्व अध्यक्ष वसुधा मिश्रा, हरिओम बर्मन ,भाजपा जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा, उदयराज सिंह चौहान, श्रीराम सोनी, प्रमोद शुक्ला, प्रमोद सोनी,भवानी राजा मिश्रा, रंगलाल पटेल, अरविंद बडगैया , नगर परिषद के पार्षदगण नागरिक उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर फौजियों का सम्मान सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा भाटखेड़ा



**लोकेंद्र कुमार नागर, समय जगत भाटखेड़ा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ग्राम भाटखेड़ा में शासकीय विद्यालय एवं शिशु मंदिर में ध्वजारोहण कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, वहीं देश की रक्षा में योगदान देने वाले फौजियों का सम्मान कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच भूरीबाई दांगी, जनपद सदस्य राधेश्याम राजोरा, पूर्व सीसीबी संचालक जगदीशचंद्र नागर, रामगोपाल दांगी, पूनमचंद दांगी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देश के जवानों के त्याग और बलिदान को याद किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## श्री केसरवानी वैश्य समाज का पारिवारिक मिलन समारोह हुआ आयोजित



**समय जगत, भोपाल।** श्री केसरवानी वैश्य समाज भोपाल के पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समाज के सभी परिवारों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा की राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती सुनीता गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस रामकिंकर गुप्ता एवं रीवा की पूर्व महापौर एवं महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ममता गुप्ता ने कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। रामकिंकर जी ने अपने उद्बोधन में समाजिक ट्रस्ट के द्वारा जरूरत मंद बच्चों को पढ़ाई में सहायता प्रदान करने की बात कही। प्रदेश महिला अध्यक्ष ममता गुप्ता जी ने उर्जावान उद्बोधन देते हुए समाज को विकसित तथा सशक्त बनाने पर जोर दिया। श्रीमती सुनिता जी ने समाज में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को शादी ब्याह में दूल्हे-दूल्हन को एक जोड़ा कपड़ा तथा जेवर देने का वादा किया और भोपाल केसरवानी वैश्य भवन जीर्णोद्धार के लिए 5100 रुपये की राशि प्रदान की। संरक्षक अनूप कुमार गुप्ता ने 5100 रुपये की राशि तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री उदय केशरी ने 11000 रुपये देने का आश्वासन दिया। संरक्षक महेश प्रसाद गुप्ता ने 10000 रूपये देने की घोषणा की। अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने आप सभी का धन्यवाद करते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा मात्र शक्ति प्रथम गुरु होने के कारण आने वाली पीढ़ी को धर्म, संस्कृति, शास्त्र के ज्ञान से परिपूर्ण कराने का आग्रह किया। सचिव संजय गुप्ता ने समाज में होने वाले समारोह गतिविधियों तथा वित्तीय व्यवस्था की जानकारी प्रदान की। महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती ममता केशरी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी तथा संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। महिला सभा कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा केसरवानी तथा सह सचिव गुलाब गुप्ता ने मंच संचालन कर समा बांधा।

## फिर शुरू हुआ मुरूम का अवैध उत्खनन

# लगातार सामने आ रहीं शिकायतें, लगातार उत्खनन कर सरकार को पहुंचा रहे राजस्व की हानि

**समय जगत, कटनी।** जिला मुख्यालय से लगे इलाकों में एक बार फिर मुरूम सहित अन्य खनिज के अवैध उत्खनन की शिकायतें सामने आने लगी है। आलम यह है कि दिन हो या रात, खनन माफिया धरती का सीना चीरकर खुलेआम अवैध उत्खनन करते हुए राज्य सरकार को राजस्व की हानि पहुंचा रहा है। अब सरकारी निर्माण कार्यों के लिए भी अवैध उत्खनन के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला कटनी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम देवराखुर्द सड़क निर्माण का सामने आया है, जहां सड़क के निर्माण के लिए चोरी की मुरूम का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम मढ़ई से ग्राम देवराखुर्द तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से उत्खनन कर लाई जा रही मुरूम को डाला जा रहा है। अवैध उत्खनन के चलते सड़क के दोनों ओर खाईनुमा गड्ढे बन गए हैं।



इसी तरह एसएन कंस्ट्रक्शन कटनी द्वारा राधा सत्संग भवन से गुलवारा रोड तक सड़क निर्माण के नाम पर महिला कॉलेज कटनी के सामने से अवैध उत्खनन किया जा रहा है। उत्खनन की गई मिट्टी-मुरुम को उसी सड़क निर्माण में उपयोग किया जा रहा है। इस मामले में जिला खनिज अधिकारी की लापरवाही सामने आई है, जो शिकायत के लिए फोन करने पर फोन तक रिसीव नहीं कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध उत्खनन पर तत्काल कार्रवाई की जाए और दोषी अधिकारी और ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज की जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग की बात करें तो यहां भी धड़ल्ले से अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इस तरह की शिकायतें लगातार सामने आई कि पीरबाबा से चाका तक फोरलेन बायपास निर्माण कार्य में सड़क के दोनों ओर खुलेआम मुरूम का अवैध उत्खनन किया गया। शासकीय भूमि में दिनदहाड़े अवैध रुप से पोकलेन के माध्यम से मुरुम उत्खनन कर हाइवा के माध्यम से परिवहन भी किया गया। इसके बाद भी खनिज विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। शासन के निर्देशानुसार शासकीय भूमि में मुरुम उत्खनन के लिए खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग से अनुमति लेकर एवं रायल्टी पर्ची जारी करने के पश्चात मुरुम उत्खनन किये जाने का प्रावधान है, लेकिन ठेकेदार द्वारा नियमों का उल्लंघन कर बेखौफ होकर दिन रात राष्ट्रीय राजमार्ग में शासकीय भूमि में पोकलेन मशीन के माध्यम से विगत अवैध रुप से मुरुम का उत्खनन एवं परिवहन किया गया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शासकीय महाविद्यालय हटा में नारी सशक्तिकरण की हुई मजबूत पहल

**समय जगत, हटा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय हटा में महिला सशक्तिकरण एवं बालिका अधिकारों को केंद्र में रखते हुए एक प्रभावशाली जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग एवं महाविद्यालय प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसमें छात्राओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में न्यायालय से अधिवक्ता कपिल देव सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश अहिरवार एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्पिता नाथन की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के छात्र-छात्राओं की सहभागिता से कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा देखने को मिली। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत बुंदेली लोकगीतों ने नारी सम्मानए समानता और सामाजिक जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। वक्ताओं ने महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों, शिक्षा के महत्वए आत्मनिर्भरता और सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के मध्य गायन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन हुआ। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गयाए जिससे छात्राओं का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक रूबी खान, सारिका अग्रवाल, संध्या साहू, संगीता कर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा महाविद्यालय स्टाफ से महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शिवानी राय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आत्मविश्वासी, शिक्षित और सशक्त नागरिक के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### खेल, कविता, चित्रों के माध्यम से पढ़ाना समझाया



**मनावर।** शासकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय मनावर में शासन के निर्देशानूसार डेमो क्लास आयोजित की गई। जिसमें अज़ीम प्रेमजी फाउन्डेशन की ओर से पल्लवी मेडम द्वारा कक्षा 1 व 2 के बच्चों को खेल, कविता व चित्रों के माध्यम से किस प्रकार पढ़ाया जाय, यह बताया गया। श्रीमती ममता वर्मा द्वारा बहुत ही रोचक तरीके से डेमो क्लास की प्रस्तुति दी गई। आयोजन के दौरान प्रधान अध्यापक फिरोज खान जन शिक्षक सुरेश पाटीदार एवं समस्त स्टाफ शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### जीआरपी द्वारा की गई सघन चेकिंग



**जबलपुर।** 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को मद्दे नज़र रखते हुए क्षेत्राधिकार रेलवे स्टेशन जबलपुर में जीआरपी थाना जबलपुर द्वारा आरपीएफ स्टाफ एवं डॉग स्कॉट के साथ मिलकर अवांछनीय तत्वों, असामाजिक तत्वों, सुरक्षा संदिग्धों एवं अनजान व्यक्तियों की गतिविधियों पर सतत् सूक्ष्म निगाह रखी जाकर चेकिंग की गई, क्षेत्राधिकार में अजनबी/आतंकवादियों के छिपने की संभावना हो, सघन चैकिंग करते हुये, इन स्थलों पर कड़ी चेकिंग की गई, रेलवे स्टेशनो, यात्री ट्रेनों, वाहन स्टेण्ड, पार्सल कार्यालय आदि सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं बी.डी.डी. एस. टीम, डॉग स्कोड के साथ समन्वय कर चेक किया गया, स्थिति सामान्य रही, वाहन स्टैण्ड में अनाधिकृत रूप से खड़े लावारिस वाहनों को चैनिंग कर कार्यवाही की गई, यात्रियों को संदिग्ध वस्तु दिखने पर उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रचार आम जनता, यात्रियों में किया गया।

### शासन द्वारा आउट सोर्स को लेकर गाइडलाइन की गई जारी

**कटनी।** सरकारी विभागों में अब आउटसोर्स कर्मचारी काम नहीं कर पाएंगे। सरकार ने इसके लिए नई गाइडलाइन जारी कर दी है। सरकार ने आदेश में साफ कहा है कि प्रदेश के किसी भी सरकारी विभाग में अब चतुर्थ श्रेणी के पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होगी। सरकार ने इन पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्ति करने संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके पहले ही सरकार चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया बंद कर चुकी है। वित्त विभाग द्वारा 31 मार्च 2023 को विभागों में चतुर्थ श्रेणी पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारी रखने को लेकर निर्देश जारी किए थे।

# 'शी फिट रन' का किया गया आयोजन

**समय जगत, भोपाल।** आरंभ डाइट एंड वेलनेस क्लिनिक द्वारा हाल ही में शी फिट रन का आयोजन किया गया। यह अपनी तरह का पहला इवेंट था, जिसका उद्देश्य महिलाओं के बीच फिटनेस और संपूर्ण स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। श्री आरंभ की डायरेक्टर और फाउंडर डॉ. नीलम त्रिपाठी का उद्देश्य भारतीय युवाओं को स्वास्थ्य और वेलनेस को अपनी प्राथमिकता बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस आयोजन में शहर भर की महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। खास बात यह रही कि पुरुषों ने भी बड़ी संख्या में मौजूद रहकर महिलाओं का उत्साह बढ़ाया और फिटनेस के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का समर्थन किया। डॉ. नीलम त्रिपाठी ने कहा, हमारा लक्ष्य एक ऐसा समुदाय बनाना है, जहां महिलाएं अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी खुद लें। यह तो बस शुरुआत है। शी फिट रन श्री आरंभ की समग्र वेलनेस और फिटनेस के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। हमें उम्मीद है कि यह पहल और भी अधिक महिलाओं को इस फिटनेस मूवमेंट से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी।




# तत्कालीन लेखापाल को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की होगी पात्रता

**कटनी।** वित्तीय अनियमितता और पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरतने पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने बहोरीबंद अस्पताल में पदस्थ तत्कालीन प्रभारी लेखापाल वर्तमान में जिला अस्पताल में पदस्थ राहुल मिश्रा, सहायक ग्रेड-3 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी को बीते मंगलवार को बहोरीबंद में आयोजित जनसुनवाई में मिली शिकायत पर, कलेक्टर ने तत्काल जांच कराने के बाद यह कार्रवाई की है। बहोरीबंद में आयोजित जनसुनवाई में यह तथ्य सामने आया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाकल, बहोरीबंद से सेवानिवृत्त एएनएम श्रीमती सावित्री देवी वर्मा के पेंशन व जीपीएफ की राशि एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान उनके खातों में नहीं मिल पाया था। कलेक्टर के निर्देश पर की गई जांच में पाया गया कि बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के तत्कालीन प्रभारी लेखापाल राहुल मिश्रा द्वारा पदीय कर्तव्यों के अनुरूप कार्य न किया जाकर मप्र सिविल सेवा आचरण



नियम 1965 में वर्णित प्रावधानों के तहत वित्तीय अनियमितता तथा पदीय दायित्वो के प्रति लापरवाही की गयी है। कलेक्टर ने बहोरीबंद अस्पताल के तत्कालीन प्रभारी लेखापाल श्री मिश्रा वर्तमान में जिला अस्पताल में पदस्थापना का यह कृत्य पदीय दायित्वो के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं उदासीनता किये जाने के कारण म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9(2) मानते हुये तत्कालीन प्रभारी लेखापाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री मिश्रा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड कालापीपल सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ संपन्न

**कालापीपल।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन जिला शाजापुर ब्लॉक कालापीपल सेक्टर 1 कालापीपल साधना सार्थक शैक्षणिक सामाजिक विकास समिति में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्राम विकास पखवाड़ा12 से 26 जनवरी 2026 तक के कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ, सर्व प्रथम सरस्वती माता स्वामी के फोटू पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालापीपल थाने से रवि भंडारी, कमल किशोर शर्मा, धर्म सिंह वर्मा( शिक्षक )विशिष्ट अतिथि धानसिंह धनगर ब्लॉक सम्माननीय अतिथि केदार परमार, पार्षद दिनेश शर्मा, अतिथि चांद सिंह राजपूत( रोहित )हुकम सिंह कवि के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मान समारोह तिलक लगाकर पुष्प माला पहना कर साधना सार्थक शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास समिति कालापीपल के सचिव ईश्वर परमार एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति कालापीपल ने किया, उसके पश्चात ग्रामोदय पखवाड़े के बारे जानकारी भी दी गई एवं प्रतिभा सम्मान मेंयशी शर्मा को समिति द्वारा सम्मानित किया। कार्यक्रम में सपना शर्मा, रानी मेवाड़ा, कमलाशंकर सेन, हनुमत सिंह रामबाबू गोस्वामी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन शर्मा ने किया व अतिथियों का आभार नगर समिति के सचिव बबलू जायसवाल ने माना।

## एमएलबी स्कूल में परीक्षा पे चर्चा पर हुआ कार्यक्रम

# परीक्षा हेतु धैर्य है जरूरी : सिद्धार्थ मलैया

**समय जगत, दमोह।** वार्षिक परीक्षा में सफलता हेतु कड़ी मेहनत व परिश्रम जरूरी है। जीवन में धैर्य बहुत आवश्यक है उक्त आशय के विचार विधायक प्रतिनिधि सिद्धार्थ मलैया ने व्यक्त किये। वे स्थानीय एमएलबी स्कूल दमोह में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद अर्चना जैन ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन, कलम दवात पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना का गायन एवं नृत्य की प्रसुति दी। विशिष्ट अतिथि पारस जैन व डॉ एलसी जैन ने छात्रों को प्रेरणा प्रदान की। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ मलैया ने आयोजन के प्रायोजन की सराहना की और




कहा कि छात्र जीवन से ही नागरिक और देश का निर्माण संभव है। आप आने वाले कल का भविष्य है। ईश्वर ने सबको अपना अपना टेलेंट दिया है। अर्चना जैन ने छात्रावर्ग में अपने प्रेरक संबोधन से नवीन उत्साह व ऊर्जा का संचार किया और कहा कि प्रातःकाल जल्दी उठना और पर्याप्त पानी पीना आवश्यक है। सभी विद्यार्थियों को, आज से मोबाइल से दूरी का संकल्प लेना है। कार्यक्रम की भूरि- भूरि सराहना की गई। संचालन प्रदीप जैन शिक्षक ने किया। राष्ट्रपति पुरुस्कृत प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर ने संस्था के शत प्रतिशत परिणाम लाने का वचन दिया और आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक विद्यार्थी, छात्राएं उपस्थित थी।

## जनपद पंचायतों में जन प्रतिनिधियों के अधिकारों का हो रहा उल्लंघन

# कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** पन्ना जिले की जनपद पंचायतों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के वैधानिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए जिला इकाई द्वारा कलेक्टर पन्ना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत पन्ना को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों का पालन न होने पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत जनपद पंचायतों में प्रतिमाह बैठक आयोजित करने का प्रावधान है, लेकिन लंबे समय से नियमित बैठकों का आयोजन नहीं किया जा रहा है। यदि अध्यक्ष द्वारा बैठक बुलाने में असमर्थता होती है, तो ऐसी स्थिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बैठक बुलाने का दायित्व है, किंतु इस व्यवस्था का भी पालन नहीं किया जा रहा।




आरोप है कि सामान्य सभा में पारित प्रस्तावों का क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा, जिससे जनप्रतिनिधियों की भूमिका केवल औपचारिक बनकर रह गई है। कई मामलों में बिना विधिवत बैठक के ही प्रस्तावों को स्वीकृत या अस्वीकृत कर दिया जाता है, जो अधिनियम के विरुद्ध है। इसके अतिरिक्त, समितियों के गठन एवं उनकी बैठकों को लेकर भी अनियमितताओं की बात कही गई है। ज्ञापन में कहा गया कि सभापतियों द्वारा अधीनस्थ सचिवों को बैठक बुलाने के लिए पत्र लिखे जाते हैं, लेकिन कई बार सचिव इन पत्रों की अवहेलना करते हैं और शिकायत करने पर भी कार्रवाई नहीं होती। ज्ञापन सौंपने वालों ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

# बसंत पंचमी पर भगवान महाकाल के विवाह की हुई रस्में, गूंजे मंगल गीत

**खुरई/बांदरी।** बांदरी और आसपास के क्षेत्र बंसत पंचमी का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दिन जहां एक ओर माता सरस्वती की पूजा आराधना की गई वहीं दूसरी तरफ नाथों के भगवान शिव के विवाह की रस्में भी शुरू हो गई। बांदरी से छह किमी दूर खेजरादुगाहा में बसंत पंचमी पर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का संकल्प लेते हुए विधि-विधान से लग्न पत्रिका लिखी गई। भगवान महाकाल को तिलक चढ़ाया गया। इस दिन भगवान महाकाल को दूल्हे की तरह सजाया गया और मुकुट बांधा गया। भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया और इसके बाद पूरे विधि विधान से उनकी आरती उतारी गई। खेजराधाम में हुए बाबा महाकाल के इस तिलक उत्सव आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और इस अद्भुत पल के साक्षी बनें। इस



दौरान घण्टा, घड़ियाल और डमरू के डम-डम की आवाज महाकाल के आंगन में गूंजती रही। खेजराधाम दरबार के संयोजक पं. महेश तिवारी व पुजारी पं. हिमांशु तिवारी ने बताया कि परंपरा के अनुसार बांदरी से सौरभ साहू गाजे-बाजे के साथ भगवान शिव की लगन लेकर मंदिर पहुंचे। इसके बाद विद्वान पंडितों की मौजूदगी में विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की लगन लिखी गई। उत्सव के दौरान भगवान महाकाल का विशेष और आकर्षक श्रृंगार किया गया। सागर और बांदरी के विभिन्न इलाकों से लोग अपने परिवार के साथ इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने पहुंचे। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में महिलाओं ने मंगल गीत गाए और पूरा मंदिर परिसर शिव भक्ति के रंग में डूबा नजर आया। लगन उत्सव संपन्न होने के साथ ही अब मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां तेज हो गई हैं। पं. महेश तिवारी ने बताया कि आने वाली महाशिवरात्रि पर बांदरी से भगवान महादेव की विशाल बारात निकाली जाएगी। इस बारात में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि ग्रंथों और पुराणों में बताया गया है कि जैसे हर शादी में तिलक का महत्व होता है।

### पांच सौ वर्ष प्राचीन लक्ष्मीनारायण मंदिर में 11 कुण्डीय महायज्ञ व नौ दिवसीय श्रीरामकथा का भव्य हुआ शुभारंभ

**सिलवानी।** आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपराओं के अद्भुत संगम का साक्षी शनिवार को सिलवानी विकासखंड का ग्राम साईखेड़ा बना, जहां 500 वर्ष प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण बड़ा मंदिर में 18 पुराणों की श्रृंखला पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 कुण्डीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं नवदिवसीय श्रीरामकथा का भव्य शुभारंभ हुआ। श्रीरामकथा से पूर्व शनिवार को राय गार्डन सिलवानी-बरेली मार्ग से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो साईखेड़ा बस स्टैंड होते हुए गांव के प्रमुख मार्गों से गुजरकर श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण पहुंची। सिर पर कलश धारण किए सैकड़ों महिलाएं, पुरुष, युवा व बच्चे भक्ति भाव से यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयघोष, वैदिक मंत्रोच्चार और जगह-जगह पुष्पवर्षा से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।

# पंचम दीक्षांत समारोह में स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की छात्रा अस्मिता राजपूत हुई सम्मानित

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में विगत दिनों संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा अस्मिता राजपूत को बी.ए.-बी.एड. पाठ्यक्रम की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह गौरवपूर्ण सम्मान उन्हें प्रदेश के राज्यपाल राज्यपाल के द्वारा प्रदान किया गया। दीक्षांत समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी उपाधियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान, कौशल और मूल्यों का उपयोग राष्ट्रहित में करने का आव्हान किया। अस्मिता राजपूत की इस उपलब्धि से स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में हर्ष का




वातावरण है। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण ने अस्मिता को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासित वातावरण को दर्शाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अस्मिता भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर समाज को नई दिशा प्रदान करेंगी। इस अवसर पर अस्मिता के परिजन, सहपाठी एवं शुभचिंतकों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। पंचम दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने का महत्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध हुआ।

# गणतंत्र दिवस पर नगर में शान से फहराया तिरंगा



**समय जगत, सुठालिया ।** नगर की समस्त शासकीय-अशासकीय संस्थाओं में परंपरागत ढंग से गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पीलाखाल स्थित खेल ग्राउंड में नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती लक्ष्मीबाई लोधी के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती लोधी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन मुख्य नपाधिकारी रईस खान ने किया। स्कूली छात्राओं ने राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया। विभिन्न संस्थाओं के बच्चों ने धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें सभी ने सराहा एवं उन्हें पारितोषिक प्रदान किए। कार्यक्रम संचालन कुलदीप सिंह द्वारा किया गया।अंत में आभार सीएमओ रईस खान ने माना। गणतंत्र दिवस पर शा.बा. उ.माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य हेमंत यादव ने । कृषि उपज मंडी समिति तहसीलदार दोजीराम अहिरवार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सचिव देवी सिंह सोंधिया लेखापाल महेश मिश्रा सहित स्टाफ मौजूद रहा। कन्या हा से स्कूल में प्राचार्य दिनेश धनगर ने ध्वज फहराया। थाना परिसर में थाना प्रभारी अनिल राहोरिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

# शिव महापुराण कथा में बताए दांपत्य और नारी सम्मान के आदर्श



**समय जगत, खंडवा।** रामनगर में आयोजित शिव महापुराण कथा में वृंदावन से पधारे कथा वाचक वनवारी भाई उपमन्यु महाराज ने भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह प्रसंग के माध्यम से दांपत्य जीवन के आदर्शों पर प्रकाश डाला।

कथावाचक ने कहा कि शिव-पार्वती का विवाह मन, वाणी और कर्म से एक-दूसरे के प्रति पूर्ण समर्पण का प्रतीक है। दांपत्य जीवन में प्रेम, सौहार्द और विश्वास ही स्थायित्व लाते हैं।

**नारी सम्मान से ही समाज का उत्थान:** उन्होंने कहा कि शास्त्रों में नारी को देवी का स्थान दिया गया है। जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। मां, बहन और पुत्री के रूप में नारी शक्ति का सम्मान समाज की जिम्मेदारी है।

**मोबाइल संस्कृति से बिगड़ रहे संस्कार:** कथावाचक ने वर्तमान समाज पर चिंता जताते हुए कहा कि बच्चों के हाथों में मोबाइल आने से संस्कार प्रभावित हो रहे हैं, जिससे सामाजिक विकृतियां बढ़ रही हैं।

**शिव महापुराण जीवन का मार्गदर्शक:** उन्होंने कहा कि शिव महापुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इसके संदेशों को अपनाकर संस्कारित समाज का निर्माण संभव है।

# पचोर नगर में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**पचोर।** पचोर नगर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। मुख्य समारोह मंडी प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने ध्वजारोहण कर गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन पार्षद दीपक जाटव ने किया। इसके पश्चात नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने अपने संबोधन में संविधान की महत्ता, लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नगर के कुल 19 विद्यालयों ने भाग लिया और देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

**जूनियर वर्ग में**

**प्रथम स्थान:** हैप्पी बचपन अकैडमी गुरुकुल से गैजेट विषय पर प्रस्तुति, मोबाइल के दुरुपयोग से बचने और शारीरिक गतिविधि अपनाने का संदेश दिया।

**द्वितीय स्थान: लिटिल चैंप्स स्कूल**

**तृतीय स्थान:** विवेकानंद आइडियल पब्लिक स्कूल।

**सीनियर वर्ग में**

**प्रथम स्थान:** प्रोफेसर संतोष मित्तल स्कूल – छावा शीर्षक पर प्रभावशाली प्रस्तुति।

**द्वितीय स्थान:** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

**तृतीय स्थान:** यूनीक स्कूल ऑफ मॉडर्न एजुकेशन ने प्राप्त किया ,आयोजन में पूर्व सैनिकों के साथ , विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया शासकीय-अशासकीय संस्थाओं में भी हुआ ध्वजारोहण नगर परिषद कार्यालय में सीएमओ दीपक जाटव, गांधी चौक पर नगर पालिका उपाध्यक्ष रामभरोसे यादव, तहसील कार्यालय में तहसीलदार आनंद जायसवाल, थाना परिसर में थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया तथा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य शाहिदा हाशमी सहित नगर की विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में भी ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार के प्रयासों से ब्यावरा को मिली ट्रामा की सौगात



**ब्यावरा।** क्षेत्र के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है।प्रदेश के मंत्री नारायण सिंह पंवार के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप सिविल अस्पताल ब्यावरा, जिला राजगढ़ में लंबे समय से लंबित ट्रॉमा सेंटर के संचालन हेतु आवश्यक उपकरणों एवं अन्य सामग्री के लिए लगभग 28 लाख का बजट आवंटित किया गया है।इससे शीघ्र ही क्षेत्र के नागरिकों को ट्रॉमा सेंटर की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस बजट स्वीकृति से ट्रॉमा सेंटर के लिए आवश्यक आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं फर्नीचर की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे आपातकालीन और आकस्मिक दुर्घटनाओं से पीड़ित मरीजों को समय पर और बेहतर उपचार मिल सकेगा। ट्रॉमा सेंटर के शीघ्र प्रारंभ होने से न केवल ब्यावरा, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों के नागरिकों को भी गंभीर दुर्घटनाओं एवं आपात स्थितियों में त्वरित चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे अनेक अमूल्य जीवन बचाए जा सकेंगे।इस ट्रामा सेंटर की सुविधा के लिए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का आभार व्यक्त किया है।

### नगर पालिका परिसर में नपाध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमड़िया ने किया ध्वजारोहण



**समय जगत, हरदा।** नगर पालिका परिसर में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति भारती राजू कमेडिया ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल,पार्षद लोकेश राव मराठ,मनोज महलवार, ओमप्रकाश मोरछले,राजू कमेडिया,मुख्य नगरपालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार,नपा के अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गणतंत्र दिवस पर ध्वज फहराकर ली परेड की सलामी




**समय जगत, धार।** जिले में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।जिला मुख्यालय स्थित किला मैदान पर आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने झंडा फहराकर परेड की सलामी ली।मिश्रा ने परेड का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी साथ रहे।साथ ही अनेकता में एकता के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए ।

# हरदा जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस,जोनर एजुकेशन स्कूल ने प्राप्त किया प्रथम स्थान




**समय जगत, हरदा ।** गणतंत्र दिवस हरदा जिले में समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर झंडा वंदन किया और इस दौरान आयोजित परेड की सलामी ली। उन्होंने इस दौरान रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़े। कलेक्टर ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व लोकतंत्र रक्षकों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों और खिलाड़ियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह,उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेडिया,नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल,जिला भाजपा अध्यक्ष ल राजेश वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री शशांक, वनमण्डलाधिकारी एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन सहित विभिन्न अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति:** गणतंत्र दिवस पर स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में जोनर एजुकेशन स्कूल हरदा ने प्रथम,द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन ने द्वितीय व संस्कार विद्या पीठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सरस्वती विद्या मंदिर हरदा व शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

**आकर्षक परेड सम्पन्न:** आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में आकर्षक परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक सुश्री रजनी सिंह गुर्जर ने किया। परेड में विशेष सशस्त्र बल,जिला पुलिस बल,जिला होमगार्ड, एनसीसी दल बालक महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,एनसीसी दल बालिका शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एनसीसी दल बालक सनफ्लॉवर हायर सेकण्ड्री स्कूल, एनसीसी बालक होलीफेथ स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा व महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का स्काउट गाइड दल,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा का गाइड दल व रेडक्रास दल, शौर्य दल व पुलिस बैण्ड ग्रुप भी शामिल हुआ। परेड में सीनियर दल में जिला होमगार्ड दल ने प्रथम, जिला पुलिस बल ने द्वितीय व विशेष सशस्त्र बल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार जूनियर दल में एन.सी.सी. बालिका शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा ने प्रथम, एन.सी.सी. बालक महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने द्वितीय तथा एनसीसी बालक सनफ्लॉवर हायर सेकण्ड्री स्कूल के स्काउट दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# गणतंत्र दिवस पर सुल्तानपुर में दिखा नींव दा फाउंडेशन स्कूल का जलवा



**समय जगत, सुल्तानपुर।** नगर परिषद सुल्तानपुर में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी हेमराज मीणा द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंगारंग प्रस्तुतियों से समारोह को यादगार बना दिया। इस आयोजन में नींव दा फाउंडेशन स्कूल के नन्हे बच्चों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास से सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय की सांस्कृतिक प्रस्तुति बचपन की नई सुबह ने दर्शकों के साथ-साथ निर्णायक मंडल को भी प्रभावित किया और प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यालय द्वारा निकाली गई देशभक्ति रैली भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें तिरंगे के रंगों से सजे छोटे-छोटे बच्चों ने अनुशासन, जोश और देशप्रेम की भावना के साथ सहभागिता निभाई। विद्यालय के डायरेक्टर नितिन देवनानी ने इस उपलब्धि का श्रेय बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को देते हुए कहा कि शीघ्र ही विद्यालय परिसर में बच्चों के साथ जीत का उत्सव मनाया।

# श्री विनायक गुर्जर बाल विद्या पीठ हायर सेकेंडरी स्कूल खिरकिया में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस




**समय जगत खिरकिया।** श्री विनायक गुर्जर बाल विद्या पीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई जिसे स्कूल संचालक चन्द्रशेखर मुकाती प्राचार्य हरीश छलौत्रे एवं स्कूल प्रबंधक अंकित गुप्ता द्वारा संपन्न कराया गया छात्र छात्राओं नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान सरस्वती वंदना भक्ति गीत का गायन किया गया जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों का मनमोह लिया। बच्चों की मासूम अदाओं और जोशपूर्ण प्रस्तुति को सभी ने खूब सराहा। स्कूल संचालक चंद्रशेखर मुकाती ने अपने संबोधन में संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का आव्हान किया। वहीं प्राचार्य हरीश छलौत्रे ने छात्रों को अनुशासन, ईमानदारी और परिश्रम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें देश का जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरिप्रसाद मुकाती सुनीता खरबड़िया अर्चना पटेल शिवनारायण मुकाती रत्ना जैन रंजना रायखेरे सरोज मुकाती जगन्नाथ सिंदना रामधार दरबार हरगोविंद मुकाती सदाशिव पाटील राहुल पाटील रमण गुर्जर राजा पटेल मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं सहित पालकगण मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति नारों एवं मिठाई वितरण के साथ हुआ।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर न्यायाधीशों ने किया जिला जेल का निरीक्षण




**समय जगत खिरकिया।** जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर न्यायाधीशगणों द्वारा जिला जेल हरदा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय प्रधान सत्र न्यायाधीश अरविन्द रघुवंशी, एवं माननीय न्यायाधीशगण सुधीर चौधरी जयदीप सिंह, निमिष राजा, लवकेश सिंह, एसके भदकारिया, प्रेमदीप शाह संजीव राहंगडाले, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से माननीय चंद्रशेखर राठौर सौरभ दुबे जिला विधिक सेवा अधिकारी, अधिवक्तागण जवाहर पारे, अनीश मोहम्मद खान श्रीमतिअंतिमा चोलकर, पी.एल.वी. लक्ष्मीकांत पारे मोजूद थे। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायज़ा लिया और बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशों ने जेल में साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, भोजन व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियों के रहन-सहन की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंदियों को सरकार द्वारा निर्धारित सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। न्यायाधीशों ने कहा कि जेल सुधारात्मक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां बंदियों के मानवाधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने जेल प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने एवं सुधारात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सभी बंदियों को गणतंत्र दिवस शुभकामनाये देकर बंदियों को उनके विधिक अधिकारों संबंधी जानकारी दी गई एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये। निरीक्षण के दौरान श्रीमती मनीषा यादव सहायक जेल अधीक्षक माखन सिंह प्रमुख मुख्य प्रहरी सहित एवं जेल स्टॉफ उपस्थित था।

# बैंक मित्र संगठन का जिला स्तरीय सम्मेलन का हुआ आयोजन




**कालापीपल।** कालापीपल में म. प्र. बैंक मित्र संगठन का जिला (शाजापुर) स्तरीय सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कालापीपल विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी के अलावा भाजपा जिला महामंत्री कृपाल मेवाड़ा,न. प. अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, यूनियन जिला अध्यक्ष नरेंद्र चावड़ा, जिला उपाध्यक्ष देवकरण मेवाड़ा, जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्वकर्मा, जिला मंत्री रामेश मीणा, जिला महामंत्री अशोक कलमोदिया, मंच संचालक जिला मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी एवं अन्य सभी जिले एवं अन्य क्षेत्र से आये बैंक मित्र उपस्थित हुए। विधायक का स्वागत ब्लॉक अध्यक्ष रितेश उपाध्याय द्वारा किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रजत जी शर्मा द्वारा वर्चुअल माध्यम से बैंक मित्रों को सम्बोधित किया गया एवं संगठन सदस्यता के महत्व को बताया गया।

जिला अध्यक्ष नरेंद्र चावड़ा द्वारा बताया गया कि काफ़ी समय से बैंक मित्र आर्थिक एवं सामाजिक शोषण का शिकार हो रहे है। बैंक एवं बैंक मित्रों के बीच बिचौलिया कंपनी द्वारा आर्थिक शोषण किया जा रहा है एवं कमाई की एक मोटी रकम कंपनी द्वारा ले ली जाती है। वहीं बैंक एवं कंपनी द्वारा अटल पेंशन योजनाओं, प्रधानमंत्री मंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं जैसी अन्य बीमा करने के लिए दवाब बनाया जाता है जो कि बिना ग्राहक की सहमति के संभव नहीं है। कंपनी द्वारा लगातार आई दी बंद करने की धमकी दी जाती है जिससे बैंक मित्रों पर मानसिक तनाव रहता है एवं बेरोजगारी का खतरा बना रहता है। बैंक मित्रों की सुरक्षा हेतु शासन एवं बैंक द्वारा किसी तरह का कोई बीमा आदि की सुविधा भी नहीं दी जाती है। प्रत्येक वर्ष तकनीकी मशीनों का परिवर्तन करना और नये कंपनी से खरीदने के लिए बाध्य करना जैसी समस्या बताई गई है, इन्ही समस्याओं को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण एवं मुख्यमंत्री के नाम विधायक को ज्ञापन सौंपा गया और विधायक द्वारा आश्वासन दिया गया है कि वे संगठन की समस्या सरकार तक पहुंचायेंगे। पत्रकार परिवार का स्वागत भी किया गया।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**समय जगत, आष्टा।** संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल आष्टा में 26 जनवरी पर 77वां गणतंत्र दिवस को बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। साथ ही डॉ यामा प्रसाद मुखर्जी मैदान पर हुए सामुहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्था ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था की इस उपलब्धि पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति दीक्षा सोनू गुणवान, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा द्वारा ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिया गया। इस उपलब्धि के अवसर पर संस्था के संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक एस.एल. परमार, श्री के. एल. परमार, बी. एस. ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, नीता सक्सेना, ईषा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत, प्रतिभा तोमर, ईतिका चौहान आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने जिला स्तरीय मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

## कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मीसा बंदी लोकतंत्र प्रहरी को शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

### छात्र छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया





**समय जगत निवाड़ी।** 77वें गणतंत्र दिवस पर्व समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने प्रातः 9:00 बजे मुख्य समारोह स्थल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 खेल मैदान, निवाड़ी में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं तिरंगे को सलामी दी गई। ध्वजारोहण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया मंच पर उपस्थित रहे। झंडा वंदन उपरांत सामूहिक राष्ट्रगान किया गया।

कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया, सीईओ जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना ने परेड का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। साथ ही पुलिस बल के जवानों द्वारा कलेक्टर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं (मीसा बंदी) लोकतंत्र प्रहरी को शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में पुलिस बल के जवानों द्वारा हर्ष फायर किया गया। साथ ही समारोह स्थल पर कलेक्टर तथा एसपी के द्वारा शांति एवं सद्भावना के प्रतीक स्वरूप गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

77वें गणतंत्र दिवस पर्व पर मुख्य समारोह स्थल पर कलेक्टर श्रीमती भिड़े ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया।तत्पश्चात् कलेक्टर श्रीमती भिड़े ने जिले वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। परेड की टुकड़ियों के जवानों द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी टुकड़ियों के प्लाटून कमांडेंट से परिचय प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व छात्र छात्राओं द्वारा विसिल के साथ पीटी की गई।

77वें गणतंत्र दिवस पर्व पर मुख्य समारोह स्थल पर शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति से कार्यक्रम स्थल प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

77वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर विभागों द्वारा आयोजित विभागीय उपलब्धियों एवं शासन की योजनाओं पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया गया।

**पुरस्कार वितरण**

निवाड़ी जिले की प्रतिभाओं और उत्कृष्ट सेवा देने वाले अधिकारियों का सम्मान किया। जिले का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले होनहार छात्रों, नव-नियुक्त अधिकारियों और अपनी सेवाओं से जनता को राहत पहुँचाने वाले शासकीय सेवकों के लिए आज का दिन गौरवशाली रहा। प्रशासन द्वारा जारी ष्पुरस्कार वितरण सूचीष् के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। जिले की बेटियों ने उच्च पदों पर चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सुश्री सौम्या जैन ने भारतीय रक्षा लेखा सेवा 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर 14वीं रैंक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। वहीं, सुश्री अदिति जैन का चयन सिविल जज (2025) के पद पर और सुश्री संध्या पाण्डेय का चयन सहायक प्राध्यापक (2022) के रूप में हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा इन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूल और उच्च शिक्षा में निवाड़ी के छात्रों ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छात्र लखन लाल राय कक्षा 12वीं (गणित समूह) में राज्य की प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान। छात्र अवीर सोनी कक्षा 12वीं (जीव विज्ञान) में राज्य की प्रावीण्य सूची में 8वां स्थान, अक्षय खरे कक्षा 12वीं (कृषि समूह) में राज्य की प्रावीण्य सूची में 4 स्थान रहा।

छात्र कैलाश कुशवाहा का प्रथम और राजेन्द्र प्रसाद अहिरवार का तृतीय स्थान रहा। इन्हें जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया।

**सुशासन और विकास कार्यों में अग्रणी प्रशासनिक दक्षता और जन-सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन पर अधिकारियों को सम्मानित किया**

सुशासन और विकास कार्यों में अग्रणीप्रशासनिक दक्षता और जन-सेवा के क्षेत्र में भी अधिकारियों ने मिसाल पेश की है। सीएम हेल्पलाइन का त्वरित निराकरण जनपद पंचायत निवाड़ी के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जगदीश रंधावा और जल निगम निवाड़ी के उप-प्रबंधक संदीप भारद्वाज को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कृषि और पर्यटन उद्यानिकी एवं कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए श्री देवी सिंह राजपूत को और ग्रामीण पर्यटन (होम स्टे) के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए माया कुशवाहा (दीप हिल व्यू होम स्टे) को सम्मानित किया गया। साथ ही विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन पर जिले के अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसमें चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती भिड़े ने कहा यह सम्मान जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो यह दर्शाती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा से सफलता के शिखर को छुआ जा सकता है।

**परेड, झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला सम्मान**

मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती सरोज राय, विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन, सांसद प्रतिनिधि श्री राजेश पटेरिया एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया द्वारा परेड की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सीनियर वर्ग में जिला पुलिस बल जिला निवाड़ी को प्रथम पुरूस्कार, जिला पुलिस बल डीजीपी रिजर्व को द्वितीय पुरूस्कार सम्मानित किया गया। साथ ही जूनियर वर्ग में बालिका स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल निवाड़ी को प्रथम पुरस्कार, एनसीसी गर्ल्स पीजी कॉलेज निवाड़ी को द्वितीय पुरस्कार एवं एनसीसी बॉयज पीजी कॉलेज निवाड़ी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तथा जिला पुलिस बल को भी पुरस्कृत किया गया।

साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 के छात्र-छात्राओं को प्रथम पुरूस्कार, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी को द्वितीय पुरूस्कार एवं स्कॉलर्स पब्लिक हायर सेकेंडरी निवाड़ी को तृतीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ विभागीय झांकी प्रदर्शन में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर जिला पर्यटन विभाग निवाड़ी को प्रथम पुरस्कार, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला पंचायत निवाड़ी को द्वितीय पुरस्कार, जिला स्वास्थ्य विभाग को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**विशेष भोज**

गणतंत्र दिवस पर्व समारोह समापन उपरांत जिला प्रशासन के तत्वाधान में ग्राम पंचायत लड़वारी के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष भोज का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने जनप्रतिधियों, पत्रकार प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं छात्र छात्राओं के साथ विशेष भोज में सहभागिता कर भोजन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती सरोज राय, विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन, सांसद प्रतिनिधि श्री राजेश पटैरया, जनपद पंचायत अध्यक्ष निवाड़ी श्रीमती निरंजना जैन, अध्यक्ष नगर परिषद श्री गुलाब अहिरवार, नंद किशोर नापित, श्री मंगेश रमपुरिया अन्य जनप्रतिनिधगण, सीईओ जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर, एसडीएम सुश्री मनीषा जैन, श्री अशोक कुमार सेन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री विनीता जैन, सुश्री स्वाति सिंह अन्य अधिकारीगण, पत्रकार प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर्स कल्याण समिति के प्रदेश कार्यालय पर हुआ ध्वजारोहण

**समय जगत, झांसी ।** वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर्स कल्याण समिति के मुरारी नगर शिवपुरी हाईवे स्थित प्रदेश कार्यालय पर समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सोनी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात मोहन सोनी की अध्यक्षता , आनन्द सक्सेना के मुख्य आतिथ्य तथा अशोक द्विवेदी के विशिष्ट आतिथ्य में सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मोहन सिंह द्वारा श्रमिक गीत से किया गया। भारतीय संविधान के सम्बन्ध में वक्ताओं द्वारा वक्तव्य दिए गए। समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष गोविन्द सोनी एड ने राष्ट्रीय विचारधारा से ओत-प्रोत भारतीय मजदूर संघ की नीतियों के बारे में बताया। प्रदेश महामन्त्री सन्त प्रकाश वर्मा ने वरिष्ठ नागरिक एवं पेंशनर्स कल्याण समिति की भारतीय मजदूर संघ को बनाने की आवश्यकता के बारे में बताया।अन्त में स्वतन्त्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मिष्ठान वितरण किया गया।आभार आरके वर्मा ने व्यक्त किया।कार्यक्रम में आर0सी0 सोनी, अनिल राय, गिरवर सिंह, गोविन्द सोनी एड, सुमाल सम्ब, विजय छत्रसाल, अनिल दुबे, मोहन सिंह, श्रीमती रानी, ओम प्रकाश सोनी आदि उपस्थित रहे।

### जताया शोक

**समय जगत, गुरसराय।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ गुरसराय ने विजय सोनी के सुपुत्र उदित सोनी निवासी मऊरानीपुर को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा रविंद्र बरसैयां की अध्यक्षता में इस सुसाइड की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ऐसे हॉस्टल व शिक्षा माफ़्याओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होना चाहिए व समाज के सभी लोगों ने इस पर आक्रोश व्यक्त किया। सभा में उपस्थित अवध किशोर सोनी सुभाष बाबू सोनी राजकुमार सोनी जयप्रकाश बरसैंया रामपाल सोनी चंद्र गोपाल सोनी प्रमोद सोनी राकेश सोनी रमेश सोनी मुकेश सोनी सत्य प्रकाश सोनी सुमंत सोनी रामजी सोनी विजय सोनी जगदीश सोनी राजेश सोनी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।











































स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)